उों संविच्छक्त्यै नमः ।।

श्री

पञ्चस्तवी

पदच्छेद–अन्वय

और

सरल भाषा टीका सहित

असंख्यैः प्राचीनैर्जननि जननैः कर्मविलया-
द्गते जन्मन्यन्तं गुरुवपुषमासाद्य गिरिशम् ।
अवाप्याज्ञां शैवीं क्रमतनुरपि त्वां विदितवान्
नयेयं त्वत्पूजास्तुतिविरचनेनैव दिवसान् ।।

संपादक तथा प्रकाशक

श्री राम शैव (त्रिक) आश्रम

फतेहकदल–श्रीनगर

सं० १९७४

द्वितीय संस्करण : २०००   मूल्य : ३ रुपये

भूमिका

श्रीराम शैवाश्रम (फतेकदल श्रीनगर) जनता की आकांक्षाओं, भावनाओं एवं मांग को प्राथमिकता देकर पुनः पञ्चस्तवी का द्वितीय संस्करण प्रकाशित कर रहा है। निस्संदेह यह हर्ष का विषय है। वास्तव में पञ्चस्तवी का अस्तित्व कश्मीरी हिन्दू जनता के लिए धर्मप्राण प्रेरणा का अचल स्रोत है। अपनी गेयात्मकता के फलस्वरूप इसका स्थान समस्त कश्मीर में अद्वितीय है और इसकी आकर्षण शक्ति चुम्बक से भी अधिक महान है। इस ग्रन्थ के रचनाकार के विषय में विद्वानों के विभिन्न मत है।

श्री लक्ष्मीधर ने सौन्दर्यलहरी की टीका में पञ्चस्तवी का एक श्लोक उद्धृत करके उस श्लोक को कालिदास का माना है। अतः उनकी दृष्टि से इस ग्रन्थ के रचनाकार – कालिदास है। कइयों का मत है कि इसके रचयिता स्वयं अभिनवगुप्त हैं।

त्रिविड्रम संस्कृत सिरीज़ में पञ्चस्तवी का प्रथम स्तव— लघुस्तव का प्रकाशन हुआ है और इसके ग्रन्थकार का नाम लघुभट्टाचार्य लिखा है तथा साक्ष्य के आधार पर पंचस्तवी के इक्कीसवें श्लोक के तीसरे चरण — "लघुत्वमात्मनि दृढं" को उद्धृत किया है। पर इस से लघुभट्टाचार्य द्वारा रचित होने का कोई सशक्त साक्ष्य नहीं मिलता है क्योंकि पद्यांश का अर्थ किसी भी रूप में व्यक्तिवाचक संज्ञा का बोध नहीं देता है।

स्पष्ट तथ्य तो यह है कि पञ्चस्तवी के पद्य एवं पद्यांशों का हवाला भोजराज ने अपने "सरस्वतीकण्ठाभरण" में, आचार्य

मम्मट ने "काव्य प्रकाश" में, श्री शिवानन्द ने अपने "मातृकाचक्रविवेकव्याख्या" में, माधवाचार्य ने अपने "सर्वदर्शन-संग्रह" में, श्री अप्पयदीक्षित ने "कुवलयानन्द" में, और विरूपाक्षनाथ ने "विरूपाक्षपंचाशिकाव्याख्या" में दिया है। पर सबों ने इसके लेखक का कहीं उल्लेख नहीं किया है। परन्तु श्रीविद्यारण्य ने "विद्यार्णव तन्त्र" में और श्री नित्यानन्द ने अपने "श्री सौभाग्यरत्नाकर में पञ्चस्तवी के पद्यों को उद्धृत करके इसके लेखक का नाम धर्माचार्य प्रस्तुत किया है। श्री नित्यानन्द स्वामी ने लघुस्तव टीका में भी इसके रचनाकार का नाम धर्माचार्य ही लिखा है। श्री पूज्यपाद अमृतवाग्भवाचार्य ने विक्रमाब्दि १९९७ में पञ्चस्तवी का मूलमात्र छपाकर इसके लेखक का नाम धर्माचार्य ही लिखा है। श्री डॉ० शिवनाथ शास्त्री ने भी धर्माचार्य ही इसके रचनाकार अपने पञ्चस्तवी प्रकाशन में स्वीकार किया है। स्वनामधन्य श्री हरभट्ट शास्त्री ने अपने पञ्चस्तवी भाष्य में भी इसके लेखक का नाम धर्माचार्य ही स्वीकार किया है। "सरस्वतीकण्ठाभरण" के रचनाकार भोजराज का समय ईस्वी ९९३-९४ का समय ठहरता है। अतः पञ्चस्तवी का समय भोजराज से दो तीन शतक पूर्व ही होना निश्चित ठहरता है। इसके अतिरिक्त पंचस्तवी में दो राजाओं का उल्लेख भी प्राप्त होता है प्रथम स्तव में "वत्सराज" और द्वितीय स्तव में "उदयन" महाराज। इस्वा की प्रथम शती के संस्कृत—नाटककार महाकवि भास ने भी महाराजा—"वत्सराज और उदयण का उल्लेख क्रमशः यौगंधरायण, स्वप्नवासवत्ता नाटक में दिया है जो अनुमानतः ईस्वापूर्व अवन्ती और मगध के शासक रहे हैं। इस तथ्य के आधार पर पञ्चस्तवी का समय ईस्वा की तीसरी शती के आसपास ठहरता है। इतना तो निश्चित है कि इस ग्रन्थ का आकलन भगवान् महावीर जैन और भगवान बुद्धदेव के उपरान्त ही हुआ है क्योंकि पञ्चस्तवी के रचनाकार ने—

"स्वभावोर्जैनेन्द्रः सुगतमुनिराकाशमनिलः" महावीर जैन और

भगवान बुद्ध का उल्लेख "सकलजननीस्तव" के ३३वें श्लोक में किया है।

पञ्चस्तवी रचनाकार ने पांच स्तवों में ग्रन्थ का विभाजन किया है:—(क) लघुस्तव, (ख) चर्चस्तव, (ग) घटस्तव, (घ) अम्बस्तव, (ङ) सकलजननीस्तव, अतः पांच स्तवों में संकलित स्तुति को पञ्चस्तवी नामकरण हुआ है।

(क) लघुस्तव :— लघ का सामान्य अर्थ है—शीघ्र निःसार, मनोहर और व्याकरण में ह्रस्व अक्षर को लघु कहते हैं। परं पञ्चस्तवी में लघुस्तव प्रतीक के रूप में प्रयुक्त हुआ है अर्थात् मंत्रों के लघु-उपाय के द्वारा सक्रिय होकर क्रिया शक्ति का अनुसरण प्राप्त करना। इस स्तव में २१ श्लोक आते हैं। प्रथम श्लोक से लेकर २०वें श्लोक तक बीजाक्षर (क) सारस्वत, (ख) कामराज, (ग) वाडव आते हैं।

(ख) चर्चस्तव: – चर्च का सामान्य अर्थ है—पढना, कहना, ध्यानस्थ होकर पढना, अनुसरण करना, अन्वेषण करना। यहां चर्च से तात्पर्य है ध्यानस्थ होकर ज्ञान का संचय और संग्रह करना। इस तथ्य को रचनाकार ने विभिन्न कोटियों में प्रस्तुत कराने का सशक्त प्रयत्न किया है रचनाकार ने ज्ञान स्थिति का बोध बिम्बों के माध्यम से उभारने का सशक्त प्रयास किया है और यह विभिन्न बिम्ब निम्नांकित श्लोकों में अधिक व्यापक रूप में मिलते हैं। श्लोक १, २, ६, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १४, १५, १६, १७, १८, १९, २०, २१, २३, २४, २५, २६, २९, ३१। इसके अतिरिक्त कुछ बिम्ब इस कोटि के भी हैं जिन्हें असीम अथवा आधुनिक शैली में ऍबेस्ट्रेक्ट कह सकते हैं। ज्ञान की इन विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से रचनाकार ने शक्ति स्वरूप की व्यापकता एवं समग्रता का बोध प्रस्तुत किया है

चर्चस्तव में श्लोक संख्या ३१ है।

(ग) घटस्तवः— घटस्तव का सामान्य अर्थ है—कलश, घडा, किसी के साथ व्यस्त रहना, शरीर आदि। यहां घटस्तव से तात्पर्य है ब्रह्माण्ड रूपी घडे से अव्यक्त इच्छा का उन्मेष होना अथवा उसके प्रवाह शील इच्छा के साथ व्यस्त होना। रचनाकार ने घटस्तव के प्रथम श्लोक में ही भगवती की अपार शक्ति के संबोधन-बोधक विशेषणों के माध्यम से समग्र ब्रह्माण्ड की इच्छा शक्ति का प्रवाह अभिव्यक्त किया है। इस स्तव में अनन्त इच्छा मुद्राओं का विवरण विभिन्न बिम्बों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया है। जब संकोचित जीव अपनी क्षणिक और नश्वर इच्छाओं से विमुक्त होकर अप्रतिहत शक्ति की इच्छा का अनुसरण करता है, उस स्थिति में (श्लोक १८) प्रफुल्लित कमल के समान सुशोभनीय लक्ष्मी भक्त के आगे आगे दौडती है। इस स्तव में श्लोकों की संख्या २४ है। इसके अतिरिक्त इस स्तव में श्लोक २ एवं ५ में असीम इच्छा की उन्मादपूर्ण अवस्था का सशक्त चित्रण किया गया है।

(घ) अम्बस्तवः—अम्ब का सामान्य अर्थ है—जाना, शब्द करना, प्रवाह अथवा प्रवाह शील, दुर्गाभगवती। अम्बति शीघ्रं नक्षत्र स्थानपर्यन्तं गच्छति=जो अगम्य स्थान तक जल्दी जा सकता है, अम्बते स्नेहेनोपगम्यते=स्नेह से जिसके पास जाया जा सके। यहां अम्बस्तव से तात्पर्य है—ब्रह्माण्ड की वह विलासमय सत्ता, जिसके फलस्वरूप समस्त चराचर एक अलौकिक, प्रवाहशील आनन्द में विचरण कर रहा है अथवा महामाया-भगवती जिस आनन्द शक्ति के फलस्वरूप—जड-चैतन्य में सत्ताशील बनकर उनके अस्तित्व को स्थापित करती है। ग्रन्थकार ने अवश्य ही शक्ति (ऍनर्जी) के बहुस्वरूपी बिम्ब विविध माध्यमों के द्वारा अभिव्यक्त किए हैं।

आधुनिक विज्ञान में अलबर्ट ऐनॅस्टीन के पूर्व वैज्ञानिक जगत में प्रत्येक पदार्थ की ऍनर्जी अलग अलग गिनी जाती थी पर ऐनॅस्टीन प्रथम वैज्ञानिक है जिन्होंने शक्ति (ऍनर्जी) को मात्र

इकाई के रूप में स्वीकार करके वैज्ञानिक जगत में एक नवीन सिद्धान्त स्थापित किया। परं पञ्चस्तवीकार ने इसका चिन्तन ऐनेस्टीन से १७ सौ वर्ष पूर्व ही किया है—"हे शक्ति स्वरूपा देवी! तुम चन्द्रमा में चान्दनी, सूर्य में प्रकाश और दीप्ति; पुरुष में बुद्धि, वायु में गति, जल में रस-रूप प्रवाह और आग में गर्मी हो, निस्संदेह तुम्हारे बिना इस जगत की सत्ता एकदम निःसार होती। हे देवी! यह जो सौर मण्डल एवं अनन्त नक्षत्र (स्टारस्) शून्य ब्रह्माण्ड में विचरण करते हैं, यह वास्तव में आपकी असीम शक्ति का ही गुरुत्वाकर्षण (ग्रेविटेशन) है जिसके फलस्वरूप यह घूमते दिखाई देते हैं (प० ४, श्लो० २०,२१)

इस स्तव में श्लोक संख्या ३२ है। सामान्यतया प्रत्येक श्लोक में व्यक्तरूप से आनन्द-मुद्रा का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त इस स्तव में देवी के प्रति "अम्ब" शब्द का संबोधन आठ बार आया है।

(ङ) सकलजननीस्तवः— सकलजननी का सामान्य अर्थ है चराचर विश्वमाता, समस्त जगत माता अथवा कास्मिक ब्रह्माण्ड को सृजन करने वाली मां। पर यहां सकलजननीस्तव से तात्पर्य है—स+कल=समस्त कलाओं अर्थात् शक्ति तत्त्व से लेकर पृथ्वी तत्त्व तक समस्त पदार्थ राशि का सृजन करने वाली महामाया भगवती का स्वातंत्र्य-विस्फार। सकलजननी का अन्य एक आशय यह भी है जो भगवती स+कल—अर्थात् अमा-(अमावसी) रूप में पूर्ण अमृत कलश से युक्त है और पूर्णिमा कला में अमृत का आस्वादन करने वाली है। शाक्तमत के अनुसार अमा-कला पंचदशी है और पूर्णिमा कला के संयोग से शोडषी-कला बनती है। तंत्रों में शोडषी-कला को चित्, संवित् और विश्वजननी नामों से अभिहित किया गया है। इस स्तव में श्लोक संख्या ३८ है इस स्तव में चित्-स्वरूपिणी भगवती को समस्त ब्रह्माण्ड निर्माण करने वाली के रूप में प्रस्तुत

किया है :—"कणास्त्वद्दीप्तीनां रविशशिकृशानुप्रभृतयः परंब्रह्मक्षुद्रं तवनियतमानन्दकणिका" (सूर्य-चन्द्रमा, अग्नि आदि आपके अपार तेज से छूटे हुए कण (पार्टिकलज्) हैं ग्रन्थकार ने जिस ब्रह्माण्ड व्यापी शक्ति का बिम्ब प्रस्तुत किया है निस्संदेह उसकी कल्पना अपार एवं महान उदात्त है।

पञ्चस्तवीकार ने चित्, आनन्द, इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियों का प्रवाह (क) क्रिया शक्ति (लघुस्तव) से आरम्भ करके (ख) ज्ञान (चर्चस्तव) (ग) इच्छा, (घटस्तव), (घ) आनन्द (अम्बस्तव) और (ङ) चित् (सकलजननीस्तव) पर विश्राम किया है। यह शाक्तों की अक्षुण्ण परंपरा है। इस प्रकार का क्रम अन्याान्य तन्त्रों में भी उपलब्ध होता है। शाक्त मत के अनुसार चित् शक्ति सर्वसुलभ होने पर भी स्वात्म स्वरूप में गोपित है पर क्रिया-शक्ति प्रत्यक्ष रूप में सर्वगोचर है।

श्रीराम शैवाश्रम में पञ्चस्तवी एवं समस्त शैव-ग्रन्थों का अध्ययन और अध्यापन महामाहेश्वराचार्य परमगुरु स्वामी श्रीराम के आविर्भाव से लेकर आजतक ठेठ परंपरा में चला रहा है। परमगुरु स्वामी श्री राम सशरीरधारी स्वयं शिव के अवतार रूप में, विलुप्त शैव-दर्शन को पुनः उभारने एवं प्रतिष्ठा स्थापित करने के निमित्त ही इस जगत में अवत्तीर्ण हुए थे। उनका दिव्य एव भव्य जीवन स्वयं में इतना उज्ज्वल एवं आकर्षण पूर्ण रहा है कि तत्कालीन अपार जन समूह श्रद्धेय के द्वार पर से हटने का नाम ही नहीं लेते थे। उनकी वाणी अप्रतिहत थी, उनका चाक्षुष-प्रवाह स्वयं में मूर्च्छता थी और उनका अलौकिक प्रवचन सामूहिक समाधि का अजस्र प्रवाह था जिसमें डूबकर अकृत्रिम "अहं" का वास्तविक बोध सहज रूप में होता था। यद्यपि उनकी छत्र-छाया में बहुत से प्रवीण शिष्यों का निर्माण हुआ पर गुरुदेव स्वामी श्री गोविन्द कौल ने ही महामाहेश्वराचार्य परम-गुरु श्री राम के पथ का अनुसरण करके अपने निर्वाण पर्यन्त

शैव-दर्शन के पठन-पाठन का अनुष्ठान पूर्ण किया। गुरुदेव स्वामी गोविन्द कौल के निर्वाण के उपरान्त महात्मा ताराचन्द्र ने इस पठन-पाठन का क्रम सुचारु रूप अपने निर्वाण पर्यन्त चलाया और इस समय श्री प्रेमनाथ जी नहरू, महात्मा काशीनाथ एवं अन्यान्य शिष्य एवं प्रशिष्य वर्ग श्री राम शैव कुटीर (फतेकदल) में शैवदर्शन की शिवध्वनि का अनुगुञ्जार नैमित्तिक रूप से सायं-प्रातः यथाशक्य रूप में देते हैं। आशा है भविष्य में भी नई पीढी के नवयुवक उत्साहित होकर इस अक्षुण्ण संस्कृति की थाती को चिरस्थायी बनाएगें।

इस ग्रन्थ के अनुवाद कार्य में प्रायः प्रातः स्मरणीय गुरुजनों के अनुग्रह का ही संकलन संग्रहीत है और बहुजनहिताय इसे पुनः प्रकाशित कर रहे हैं। हम आशा करते हैं पञ्चस्तवीकार श्री धर्माचार्य के शब्दों में—"भक्तिग्रहः किमपि मां मुखरी करोति" संभवतः श्रद्धालु जनता इसी के अनुरूप हमारी इस भेंट को सहर्ष स्वीकार करेंगे।


यः सर्वात्माखिलजनविभुर्देवदेवो महेशः
स्वातन्त्र्यस्थो ध्रुवपदगतोनिश्चलात्मावरेण्यः।
विश्वोत्तीर्णो भवभयहरः स्वेच्छया विश्वपूर्णः
तं श्रीरामं त्रिभुवनगुरुं स्वात्मरूपं नमामि॥

संपादक मण्डल
श्रीराम शैवाश्रम फतेकदल
श्रीनगर कश्मीर (भारत)

श्रावण-अमरेश्वर पूर्णिमा
विक्रमाब्दि २०३१

प्रसन्नैकचित्त दयासान्द्रमन्तः, प्रकामं हितं श्रीशिवप्रेष्ठगोत्रम् ।
शिवाद्वैत सिद्धान्तविश्रान्तिक्षेत्रं स्वतन्त्रं भजेसद्गुरुं रामचन्द्रम् ॥
मृदुस्पर्शगात्रं विधुस्मेरवक्त्रं, त्रिकाम्नायनेत्रं शुकाब्धीन्दुरत्नम् ।
अमर्यादकारुण्य पात्रं पवित्रं, स्वतन्त्रं भजेसद्गुरुं रामरत्नम् ॥
सदास्वात्मनिष्ठ स्वनिष्ठापराणां, अनेकार्त्तिकष्ठापहं दृष्ठतत्त्वम् ।
निजाभीष्टदानप्रवीणं धुरीणं, स्वतन्त्रं भजे सद्गुरुं रामभद्रम् ॥
भवव्यालभीतान् मिताहं निगीर्णान्, निरस्तोदयास्तान् समस्ताननीशान्
जनानीदृशांस्त्रातुमाविर्भवन्तम्, स्वतन्त्र भजे सद्गुरुं राममित्रम् ॥
दधानं मनोहारि सौन्दर्यमूर्ति, प्रधानं महद्भाग्यवत्सन्निधानम् ।
समाधानमन्तः सुखालम्बबुद्धेः, स्वतन्त्रं भजे सद्गुरुं राममीशम् ॥
सुशैवागम श्रौतसिद्धान्ततत्त्वं, सुनिष्कृष्य कारुण्य सारभूतम् ।
जनेभ्यः स्वतः प्रेष्ठनैजप्रदानं, स्वतन्त्रं भजेसद्गुरुं रामकोषम् ।
यदीय प्रबोधात्परं तत्त्वमाद्यं, स्वयं नित्यमाभाति क्षित्यन्तवासम् ।
विनिर्धूतभेदाः पदद्वन्द्वनुत्या, स्वतन्त्रं भजेसद्गुरं राममीढ्यम् ॥
यदालोकनान्नान्यदालोकनीयं, समालोक्यते लोकबाह्यावलोकैः ।
अलोकं हि लोकस्वभावानुकूलं, स्वतन्त्रं भजे सद्गुरुं रुद्रमूर्तिम् ॥
पठेदष्टकं सद्गुरोस्त्र्यक्षमूर्तेः, तथायः पुमान् श्रद्धयासंशृणोति
तदीयानुकम्पावशाच्छीघ्रमेवं, अजस्रं स्वसाम्राज्यतामाप्नुयात्सः ॥
महामाहेश्वराचार्याभिनवगुप्तसन्ततेः, परम्परागतंवन्देत्रिकदर्शनभास्करम् ।
श्रीरामाद्दीक्षितंसम्यक्परतत्त्वविदर्शकम्पंचकृत्यस्वभावस्थंगुरुंवन्देमहेश्वर
श्रीमन्तंस्वात्मगोविन्दंजीवन्मुक्तंचचिन्मयं, परास्वातन्त्र्यभावस्थं गुरुं वन्दे
आजानुबाहुंतंवन्देशंखग्रीवासुनासिकम्, दीर्घमुखंतडिन्नेत्रंशैवशास्त्रविशारद
स्वप्रकाशविमर्शेनसर्वान्सर्वज्ञकारिणम्,त्रिकदर्शनतत्त्वज्ञंगुरुंवन्देसदाशिवम् ।
शिवागमशक्तिसंपन्नंषट्त्रिंशत्तत्त्ववेदकम्, शिवरूपसमापन्नं गुरुं वन्दे शिव
परांचपूर्णवत्पश्यन्मध्यमांवैखरींसरन्, परप्रकाशवपुषंवन्देभट्टारकं गुरुम् ।
लोकवद्व्यवहारेऽपित्रिपदाव्यभिचारिणम्, वैतक्यात्मससंपन्नवन्देचिद्भैरव
त्रितयभोगिनंवन्देवीरेशंनौमिसर्वगम्,चक्रेश्वरसमाधिस्थंगुरुंवन्देमहाह्लदम्
कृतासंवित्स्वरूपेणस्तुतिःगुरुप्रसादतः, यस्यापठनमात्रेकशिवतुल्यो भवेन्नरः

महामाहेश्वराचार्य स्वामी श्री राम



यः सर्वात्माखिलजनविभुर्देवदेवोमहेशः
स्वातन्त्र्यस्थो ध्रुवपदगतो निश्चलात्मा वरेण्यः ।
विश्वोत्तीर्णो भवभयहरः स्वेच्छया विश्वपूर्ण-
स्तं श्रीरामं त्रिभुवनगुरुं स्वात्मरूपं नमामि ॥

श्री राम शैवाश्रम, फतेहकदल, श्रीनगर, कश्मीर

स्थापित:— १८९४ ई०

श्री स्वामी गोविन्द कौल

अन्तेवासी-गुरुदेव स्वामी श्री राम



लोकवद्व्यवहारेऽपि
त्रिपदाव्यभिचारिणम् ।
वैतक्र्यात्मसुसंपन्नं
वन्दे चिद्भैरवं गुरुम् ॥

ॐ

अथ लघुस्तवः प्रथमः ॥

नमस्त्रिपुरसुन्दर्यै ॥

लघुस्तवः प्रथमोऽयमारभ्यते ॥

ऐन्द्रस्येव शरासनस्य दधती मध्ये ललाटं प्रभां
शौक्लीं कान्तिमनुष्णगोरिव शिरस्यातन्वती सर्वतः।
एषाऽसौ त्रिपुरा हृदि द्युतिरिवोष्णांशोः सदाहः स्थिता
छिन्द्यान्नः सहसा पदैस्त्रिभिरघं ज्योतिर्मयी वाङ्मयो।१।

पदच्छेदः

ऐंद्रस्य इव शरआसनस्य दधती मध्ये ललाटं प्रभां
शौक्लीं कान्तिम् अनुष्णगोः इव शिरसि आतन्वती सर्वतः।
एषा असौ त्रिपुरा हृदि द्युतिः इव उष्णांशोः सदा अहः (हः) स्थिता
छिन्द्यात् नः सहसा पदैः त्रिभिः अघ ज्योतिः मयीवाक्मयी ॥१॥

ललाटं	— ललाट के	इव	— समान
मध्ये	— मध्य में	प्रभां	— शोभा को
ऐन्द्रस्य-	— इन्द्र	दधती	— धारण करती हुई,
शरासनस्य	— धनुष के	शिरसि	— सिर में (द्वादशान्त में)

अनुष्णगोः — चन्द्रमा के		जिसका वर्णन आरम्भ किया जाता है)	
इव	— समान		
शौक्लीं	— निर्मल (श्वेत)		
कांति	— दीप्ति को	ज्योतिर्मयी[1]	--प्रकाशमयी (तथा)
सर्वतः	सब ओर से [स, रु, अतः]	वाङ्मयी	--वाणीमयी (विमर्श-मयी)
आतन्वती	— विस्तारती हुई,		
हृदि	— हृदय में	त्रिपुरा	— त्रिपुरा भगवती*
उष्णांशो	— सूर्य की	नः-	— हमारे
द्युतिरिव	— दीप्ति जैसी	अघं[2]	— पापों को (मलों को)
सदा	— नित्य	त्रिभिः-	— तीन
अहःस्थिता	— दिन की अवस्था में	पदैः	— (स्थानों) पदों से
(अथवा)	— ठहरी हुई (नित्योदित) अथवा	{ १ ललाट २ सिर ३ हृदय / १ ऐं २ क्लीं ३ सौः } से	
हः स्थिता	— ह कार में स्थित	सहसा	— शीघ्र ही† ध्यान करते ही
एषाऽसौ	— यही वह (जो प्रत्यक्ष है और	छिन्द्यात्	— नष्ट करे ॥

जो यह प्रत्यक्ष त्रिपुरा भगवती इन्द्र के धनुष के समान अपनी दीप्ति को ललाट (माथे) में धारण करती है, और सिर में चन्द्रमा जैसी निर्मल दीप्ति को सब ओर से विस्तारती है तथा हृदय में जो प्रतिदिन नित्य सूर्य की दीप्ति जसी शोभित है अर्थात् जिसको रात्रि का कभी भी प्रवेश नहीं है, यही वह त्रिपुरा (जो सब को प्रति समय प्रत्यक्ष स्वानुभव सिद्ध है अथवा जो सबके शरीरों में नित्य इन तीन स्थानों पर तीन प्रकार के स्वरूपों को धारण करती है) हमको शीघ्र, ध्यान करते हुए ही (ऊपर

*तीनों में व्यापक १ श्लोक १६ प्रथमस्तव देखिए। †[स, ह, सा बीजाक्षर]

१. अर्थात् प्रकाश विमर्श रूपिणी

२. आणवमल, मायीयमल, कार्ममल
देहाभिमान, भेदप्रथा, पुण्य पाप की वासना।

कहे हुए तीन स्थानों) पदों से अथवा मन्त्र विधि के अनुसार मन्त्र बीजों से हमारे पापों (अज्ञान रूप मल) को नष्ट करे।

जैसा कि इसी स्तव के १६वें श्लोक में कहा है—कि त्रिपुरा का अर्थ सृष्टि, स्थिति और संहार करने वाली, रजोगुण, सतोगुण और तमोगुण में ठहरे हुए, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र नाम वाले, अकार, उकार और मकार नाम वाले, ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत रूप तीन वर्णों को पूर्ण करने वाली त्रिपुरा कहलाती है, अर्थात् सारे त्रिपुटी रूप जगत को विशेष से ललाट, सिर और हृदय में जो बीज अक्षरों (ऐं-क्लीं-सौः) के उच्चारण स्थान है, स्फार देती है।

मंत्रोद्धार विधि पूर्वक :—इस स्तव के २०वें श्लोक में "बोद्धव्या निपुणं बुधैः स्तुतिरियं" में सूचना है कि पहिले श्लोक के तीन पादों में से एक एक पाद का क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा मन्त्र (पद) अर्थात् पहिले पाद में पहला मन्त्र वर्ण, दूसरे में दूसरा और तीसरे में तीसरा मन्त्र वर्ण स्पष्ट है। इस कारण ऐं-क्लीं-सौः एक संपूर्ण मन्त्र बन जाता है। जिसका उच्चारण क्रम से तीन स्थानों पर हो सकता है और "विशेषसहितं" का तात्पर्य यही है। "सर्वतः" अर्थात् "र" को भी बीजाक्षर के साथ मिला कर दूसरा बीज बनता है। जैसे :—क्ल्रीं, इसी प्रकार "सदा हः स्थिता" अर्थात् "ह" भी मंत्रों के साथ मिलाया जाए, जसे :– "-हस्क्लीं-हसौः"। "सहसा पदैस्त्रिभिः" अर्थात् "हस" भी मन्त्रों के साथ मिलादे जैसे :– हसैं, ह्स्क्लीं, ह्सौः, हसैं, ह्स्क्लरीं। इन तीन बीजों के नाम "सारस्वत", "कामराज" और "वाड़व" बीज है।

शरीर में, सिर और हृदय के मध्य में ललाट है। जिस में सब नाड़ियां मिल जाती हैं तथा इच्छा, ज्ञान, क्रिया शक्ति के संघट्ट का मध्य ज्ञान शक्ति है, जिसमें इच्छा और क्रिया शक्तियां सब मिल जाती हैं और विश्व रूप को निर्विकल्पभाव से सारे वर्णों (रंगों) से संयुक्त स्थिति रूप में (अवतार) धारण करती है, जैसे इन्द्र धनुष यद्यपि एक ही वस्तु प्रतीत होता है फिर भी सारे वर्ण उसमें स्पष्ट हैं।

ज्ञान शक्ति में एक ऐसा पद है जिस से शिव में भी प्रवेश होता है और भेदमय जगत् में भी क्रिया शक्ति की प्रधानता से प्रवेश होता है। सिर में तो क्रिया शक्ति प्रधान चन्द्रमा की दीप्ति जैसी सब ओर से अपने स्वरूप को सृष्टि स्वरूप में विस्तारती है और हृदय में उष्ण किरणों से भेदमय जगत को जला देती है अर्थात् संहार करती है। जैसा कि तन्त्रालोक के आह्निक ३ श्लोक ६ की टीका में कहा है :–

"ऊर्ध्वेस्थिता चन्द्रकला च शान्ता
पूर्णामृतानन्दरसेन देवि !"
"अधः सहार कृज्ज्ञयो महानग्निः कृतान्तकः"।

इसी प्रकार हृदय अर्थात् इच्छा शक्ति प्रधान अवस्था में सूर्य की दीप्ति के समान अर्थात् संहार कारक नित्य उदय में आए हुए किरणों से स्थित है। इस लिए श्लोक के क्रम पूर्वक तीन शक्तियों ज्ञान क्रिया और इच्छा शक्ति में त्रिपुरा का जो स्वरूप है उसका अभ्यास करना उपदेश दिया है, इस प्रयोजन की दृष्टि से श्लोक में प्रकाशमय और वाणीमय के विशेषणों से स्पष्ट किया है। इसका अर्थ यह है :– इच्छा आदि तीन शक्तियों (त्रिपुरा) का स्वरूप विमर्शमय दिखाया है और मन्त्र रूप बीजाक्षरों के अर्थ में वाणीमय कहा हुआ है अर्थात् परारूप हृदय से ही पश्यन्ती मध्यमा और वखरी वाणी द्वारा आदिक्षान्त ('अ' से 'क्ष' तक) सब वर्णों को प्रसर करती है जैसा साम्ब पंचाशिका के श्लोक ४ में स्पष्ट है ॥१॥ "या सा मित्रावरुणसदनात्"।

या मात्रा त्रपुसीलतातनुलसत्तन्तूत्थिति स्पर्धिनी
वाग्बीजे प्रथमे स्थिता तव सदा तां मन्महे ते वयम्।
शक्तिः कुण्डलिनीति विश्वजनन व्यापार बद्धोद्यमा
ज्ञात्वेत्थं न पुनः स्पृशन्ति जननी गर्भेऽर्भकत्वं नराः॥२॥

पदच्छेदः

या मात्रा त्रपुसीलतातनुलसत् तन्तु उत्थिति स्पर्धिनी
वाक् बीजे प्रथमे स्थिता तव सदा तां मन्महे ते वयम् ।
शक्तिः कुण्डलिनी इति विश्वजनन व्यापार बद्ध उद्यमा
ज्ञात्वा इत्थं न पुनः स्पृशन्ति जननी गर्भे अर्भकत्वं नराः ।।२।।

या — जो
मात्रा[1] — शक्ति (जीव शक्ति रूप)
त्रपुसीलता[2] — राँगा बेल के
तनु — अति सूक्ष्म
लसत् — चमकती हुई
तंतु — तार के
उन्थिति — उदय के साथ
स्पर्धिनी — समानता रखती हुई (अति सूक्ष्म और चमकीली)
तव — तुम्हारे
प्रथमे — पहिले
वाग्बीजे — वाणी के बीज में (पश्यन्ती) (ऐं बीज में)
सदा — निरन्तर
स्थिता — स्थित है
तां — उसी वाणी का
ते वयम् — वही हम उत्कृष्ट भक्त
(सदा) — नित्य

मन्महे — विमर्श करते हैं।
{ कुण्डलिनी — कुण्डलिनी-
शक्तिः — शक्ति (शिवस्वरूप में लीन)
{ विश्वजनन- — जगतों के उत्पन्न करने के
व्यापार- — काम में
बद्धोद्यमा इति — निरन्तर उद्योग शील है
इत्थं — इस प्रकार के स्वरूप को
ज्ञात्वा — जानकर
नराः — मनुष्य
{ जननी — माता के
गर्भे — गर्भ में
पुनः — फिर से
अर्भकत्वं — बालक भाव को
न स्पृशन्ति — नहीं छूते हैं (अर्थात् मुक्त होते हैं)

---

१. ऐं, यही मात्रा, बाहर निकलने को तैयार, सृष्टि रूप ।
२. कश्मीरी ग्यवथीर को हिन्दी में राँगा बेल कहते हैं ।

जो मात्रा, अर्थात् ज्ञान द्वारा संसार भय से बचाने वाली तुम्हारे प्रथम वाग्बीज [ऐं] में ठहरी हुई—त्रपुसीलता [ग्यत्रथीर] की सूक्ष्मता से निकली हुई आरम्भ तार के समान है अर्थात् अतिसूक्ष्म प्रसर स्वरूप को धारण करती है। हम उस तुम्हारी मात्रा का निरन्तर विमर्श करते हैं, वही यह कुण्डलिनी शक्ति सदाशिव से पृथ्वी तक जगत् की उत्पत्ति करने की क्रिया के लिए बान्धे हुए उद्योग वाली है। इस प्रकार इसका ज्ञान पाकर मनुष्य दुबारा मां के गर्भ में बालक भाव का स्पर्श नहीं करते हैं। अर्थात् इसी जन्म में मुक्त होते हैं।

रहस्य अर्थ में परा भगवती का प्रथम वाग्बीज पश्यन्ती वाक् है, जो ज्ञानशक्ति रूप अपने स्वरूप सदाशिव तत्त्व में स्थित रह कर ही जगत् को अंकुरायमान अवस्था में प्रकाशित करती है।

संवित् अर्थ में, कुण्डलिनी शक्ति अर्थात् 'कुण्ड' शिव स्वरूप में जो लीन शक्ति है, वही मात्रा स्वरूप के ज्ञान से [सारे जगत को रक्षा करने वाली] एक प्रकार की लता अथवा राँगाबेल की तरह निकली हुई तार के आरम्भ के साथ समानता रखती है, [यह ग्यवथीर की उपमा क्यों ?] [यह लता चमकीलो और इसका फूटता हुआ सिरा बहुत सूक्ष्म होता है] वह आपके वाग्बीज अर्थात् 'परा' में ठहरती है। [क्योंकि पश्यन्तीं, मध्यमा, वैखरी रूप से वही सूक्ष्म तार का रूप धारण करके निकलती है। हम उसी तुम्हारे वाग्बीज का विमर्शन करते हैं।

कुण्डलिनी शक्ति जगत् की उत्पति की क्रिया में बांधे हुए उद्योग वाली है, ऐसे ज्ञान की प्राप्ति पर पशु प्रमाता फिर मां के गर्भ में जन्म नहीं लेते हैं अर्थात् मुक्त होते हैं।।२।।

दृष्ट्वा संभ्रमकारि वस्तुसहसा ऐऐ इति व्याहृतम
येनाऽकूतवशादऽपीह वरदे! बिन्दुं विनाप्यक्षरम्।

तस्यापि ध्रु वमेव देवि तरसा जाते तवानुग्रहे
वाचःसूक्तिसुधारसद्रवमुचो निर्यान्ति वक्त्राम्बुजात् ॥३॥

पदच्छेदः

दृष्ट्वा संभ्रमकारि वस्तु सहसा ऐऐ इति व्याहृतम्
येन आकूतवशात् अपि इह वरदे ! बिन्दुं विना अपि अक्षरम् ।
तस्य अपि ध्रुवम् एव देवि ! तरसा जाते तव अनुग्रहे
वाचः सूक्तिसुधारसद्रवमुचः निर्यान्ति वक्त्रअम्बुजात् ॥३॥

वरदे !	— हे (भोग तथा मोक्ष का) वर देने वाली	अपि	— भी
देवि !	— हे क्रीडन शीले !	अक्षरम्	— अक्षर का
येन	— जिस पुरुष ने	व्याहृतं	— उच्चारण किया हो
इह	— इस संसार में	तस्य अपि	— उस पुरुष के भी
संभ्रमकारि	— कोई आश्चर्य जनक या भयदायक	{ वक्त्र	— मुख
वस्तु	— पदार्थ	{ अम्बुजात्	— कमल से
दृष्ट्वा	— देखकर	तव	— तुम्हारा
{ आकूत-वशात्	— भय या हर्ष के अभिप्राय से	अनुग्रहे	— अनुग्रह
अपि	— भी	जाते	— उत्पन्न होकर
सहसा	— शीघ्रता से	तरसा	— बिना यत्न के
ऐ ऐ इति	— ऐ ऐ इस प्रकार*	सूक्ति	— उत्तम वाणी रूपी
बिन्दुं विना	— बिन्दु के विना	सुधारस	— अमृत रस की
		द्रवमुचो	— प्रवाह शील
		वाचः	— वाणियां
		ध्रुवं एव	— निश्चय ही
		निर्यान्ति	— निकलती हैं ।

*जब कोई मनुष्य किसी आश्चर्य जनक या भयदायक वस्तु को देखता है तो उसके मुख से अकस्मात् ही ऐ ऐ पद निकलते हैं यही बिन्दु के बिना ऐं बीजाक्षर है । (टिप्पणी पृष्ठ ८ पर देखिए)

हे वरदे! किसी आश्चर्यजनक वस्तु को देखकर शीघ्र ही "ऐं" के स्थान पर जिसने बिना बिन्दु के ही "ऐ ऐ" किसी हर्ष या भय के अभिप्राय से भी अज्ञान में भी उच्चार किया हो अथवा ज्ञान की उत्पत्ति के बिना ही 'ऐ ऐ' का विमर्श किया हो उसको भी हे देवी! अवश्य ही तुम्हारा अनुग्रह उदय में आता है और उसके मुखकमल से पश्यन्ती आदि वाणियां ज्ञानमय अमृतरस [चित्रस] से भरी प्रसर करती है ॥३॥

यन्नित्ये! तव कामराजमपरं मन्त्राक्षरं निष्कलम्
तत्सारस्वतमित्यवैति विरलः कश्चिद्बुधश्चेद्भुवि।
आख्यानं प्रतिपर्व सत्यतपसो यत्कीर्तयन्तो द्विजाः
प्रारम्भे प्रणवास्पदप्रणयितां नीत्वोच्चरन्ति स्फुटम् ॥४॥

पदच्छेदः

यत् नित्ये! तव कामराजम् अपरं मन्त्र अक्षरं निष्कलम्
तत् सारस्वतम् इति अवैति विरलः कश्चिद् बुधः चेत् भुवि।
आख्यानं प्रतिपर्वं सत्य तपसः यत् कीर्तयन्तः द्विजाः
प्रारम्भे प्रणव आस्पद प्रणयितां नीत्वा उच्चरन्ति स्फुटम् ॥४॥

(हे) नित्ये — हे शंकर की अविनाशिनी चिच्छक्ति
यत् तव — जो तुम्हारा
अपरं — दूसरा (क्लीं) (लक्ष्मी बीज)
निष्कलं — कलना रहित या (क् ल् रहित अर्थात् ईं)
कामराज — अभिलाषाओं को पूरण करने वाला (कामराज नामक)

इस श्लोक में पहले श्लोक के पहले पाद के पहले वर्ण अर्थात् ऐं बीजाक्षर की महिमा बताई गई है। अज्ञान से भी ऐं की जगह ऐ का उच्चार करने से उस पुरुष पर अनुग्रह हो जाता है।

मंत्राक्षरम्	— मंत्र अक्षर		का —
(अस्ति)	(ई) है	द्विजा:	— ब्राह्मण
तत्	— वह	प्रतिपर्वं	— हर एक पर्व पर
सारस्वतम्	— सरस्वती का (मंत्र अक्षर है)	सत्यतपसो	— सत्यतपस नामी ऋषि का
इति	— इस प्रकार	आख्यानं	— नाम
चेत्	— अगर	कीर्तयन्त:	— बताकर
कश्चित	— कोई	प्रारम्भे	—हर काम के आरम्भ में
भुवि	— संसार में	प्रणवास्पद	— प्रणव (ओं) के समान-
अवैति	— जाने,		
विरल:(स:)	— (वह) विरला ही[1]	प्रणयिता	— सस्नेह मानकर
बुध:	— कोई ज्ञानवान होता है	नीत्वा	(इस बीज अक्षर का)
यत्	— जिस (बीज अक्षर)	स्फुटम्	— स्फुट प्रकार से
		उच्चरन्ति	— उच्चारण करते हैं।

यत्सद्यो वचसां प्रवृत्तिकरणे दृष्टप्रभावं बुधैः
तार्तीयीकमहं नमामि मनसा त्वद्बीजमिन्दु प्रभम्।
अस्त्वौर्वोऽपि सरस्वतीमनुगतो जाड्याम्बुविच्छित्तये
गो शब्दो गिरि वर्तते सनियतं योगं विना सिद्धिदः ॥५॥

पदच्छेद:

यत् सद्य: वचसां प्रवृत्तिकरणे दृष्टप्रभावं बुधै:
तार्तीयीकम् अहं नमामि मनसा त्वत् बीजम् इन्दु प्रभम्।
अस्तु और्व: अपि सरस्वतीम् अनुगत: जाडय अम्बु विच्छित्तये
गो शब्द: गिरि वर्तते स नियतं योगं विना सिद्धिद: ॥५॥

१. मूर्ख अथवा बालक भी

इस श्लोक में पहले श्लोक के दूसरे पाद के दूसरे अक्षर अर्थात् क्लीं बीजाक्षर का गुण गान हैं।

यस्	— जो (सौः बीज-अक्षर)	औवोऽपि[२]	— [क] वाडव अग्नि भी [ख] औ बीज—तुम्हें भी
सद्यः	— तत्क्षण	जाड्याम्बु	— अज्ञानरूपी जलों को
वचसाम्	— वाणियों को	विच्छित्तये	— सुखाने के लिये
प्रवृत्तिकरणे	— प्रवृत करने में	अस्तु	— [समर्थ] हो। अर्थात् (अज्ञान का नाश करे)
बुधैः	— बुद्धिमानों से	स गौः शब्दो	— वह गौ शब्द
दृष्टप्रभावम्	— देखे हुए प्रभाव वाला	गिरि	— वाणी के अर्थ में
(अस्ति)	है	वर्तते	— प्रयुक्त होता है
अहं	— मैं	नियतं	— [और] अवश्य ही
इन्दुप्रभम्	— चन्द्रमा की दीप्ति वाले (शीतल तथा आनन्ददायक)	[क] योगं विना	योग के विना
तार्तीयीकम्	— तीसरे (अर्थात सौः)	[ख] यो गं विना	जो [बीज अक्षर] गकार के बिना [अर्थात् औ बीज अक्षर]
त्वत् बीजम्	— तुम्हारे बीज अक्षर को	सिद्धिदः	— सिद्धि (लौकिक तथा पारमार्थिक) को देने वाला है।
मनसा	— मन से	(अस्ति)	
नमामि	— नमस्कार करता हूं		
सरस्वती	— सरस्वती के		
अनुगतो	— पीछे गया हुआ		

१. ज्ञानरूपी अग्नि जो सभी भेद रूपी अज्ञान को नाश करता है।

२. प्रथम अर्थ :- वाडवानल (ज्ञान रूपी अग्नि जो सभी भेद रूपी अज्ञान को नाश करता है।)

द्वितीय अर्थ :- (औः वः अपि) औः बीज (तुम्हारे भी)

(क) योग आदि उपायों के विना ही सिद्धि देता है।

(ख) गकार के विना ही उच्चारण किया हुआ गौः शब्द अर्थात् औः सिद्धि देता है।

इस श्लोक में पहले श्लोक के तीसरे पाद के तीसरे अक्षर अर्थात् सौ बीजाक्षर का वर्णन है।

एकैकं तव देवि ! बीजमनघं सव्यञ्जनाऽव्यञ्जनं,
कूटस्थं यदि वा पृथक् क्रमगतं यद्वा स्थितं व्युत्क्रमात् ।
यं यं काममपेक्ष्य येन विधिना केनापि वा चिन्तितं,
जप्तं वा सफली करोति सहसा तं तं समस्तं नृणाम् ॥ ६ ॥

पदच्छेदः

एक एकं तव देवि ! बीजम् अनघं सव्यञ्जन अव्यञ्जनं,
कूटस्थं यदि वा पृथक् क्रमगतं यद्वा स्थितं व्युत्क्रमात् ।
यं यं कामम् अपेक्ष्य येन विधिना केन अपि वा चिन्तित,
जप्तं वा सफली करोति सहसा तं तं समस्तं नृणाम् । ६ ।

देवि !	— हे देवि !	कामं	— अभिलाषा को
तव	— तुम्हारा	अपेक्ष्य	— अपेक्षा करके
एकैकं	— प्रत्येक	येन केनापि	— जिस किसी भी
अनघं	— दोषरहित	विधिना	— विधि से
बीजं	— बीज अक्षर	चिन्तितं वा	— चिन्तन
सव्यंजनं	— व्यंजन सहित	जप्तं	— या जप किया हुआ, हो वह विमर्श किया हुआ बीजाक्षर जप करने वाले
अव्यंजनं	— [या] व्यंजन रहित		
कूटस्थं	— [या] कूटस्थ बीज में ठहरा हुआ		
यदि वा	— या	नृणाम्	— मनुष्यों की
पृथक्[2]	— भिन्न	तं तं	— उन
क्रमगतं	— क्रम में गया हुआ	समस्तं	— सभी [अभिलाषाओं को]
यद्वा	— या		
व्युत्क्रमात्[3]	— अक्रम भाव में	सहसा	— तत्क्षणात्
स्थितं	— ठहरा हुआ	सफली	— सुफल
यं यं	— जिस जिस	करोति	— करता है ।

१. क्लीं   २. कलई   ३. लकई

वामे पुस्तक धारिणीमभयदां साक्षस्रजं दक्षिणे
भक्तेभ्यो वरदानपेशलकरां कर्पूर कुन्दो ज्ज्वलाम् ।
उज्जृम्भाम्बुजपत्रकान्तनयन स्निग्ध प्रभा लोकिनीं
ये त्वामऽम्ब न शीलयन्ति मनसा तेषां कवित्वं कुतः ।।७।।

पदच्छेदः

वामे पुस्तक धारिणीम् अभयदां साक्षस्रजं दक्षिणे
भक्तेभ्यो वरदानपेशलकरां कर्पूरकुन्द उज्ज्वलाम् ।
उज्जृम्भ अम्बुजपत्र कान्तनयन स्निग्धप्रभा लोकिनीम्
ये त्वाम् अम्ब ! न शीलयन्ति मनसा तेषा कवित्वं कुतः ।।७ ।

अम्ब ! — मां, विश्व को उत्पन्न करने वाली,
ये — जो मनुष्य
वामे(करद्वये)— बायें दो हाथों में से (एक में)
पुस्तक — पुस्तक
धारिणीम् — धारण करने वाली
(च) — (और)
अभयदां* — (दूसरे से) अभय देने वाली
दक्षिणे(करद्वये)–दायें (दो हाथों में से) (एक में)
साक्षस्रजं — जप माला (धारण करने वाली और दूसरे में)
भक्तेभ्यो — भक्तों को
वरदान — वरदान देने के लिए
पेशलकरां — कोमल हाथ वाली
कर्पूर — कर्पूर पुष्प (एवं)
कुन्द (इव) — कुन्द पुष्प (जैसी)
उज्ज्वलां — प्रभा पूर्ण
उज्जम्भ — विकसित
अम्बुजपत्र — कमल पत्र के समान
कान्त — सुन्दर
नयन — नेत्रों की
स्निग्ध प्रभा- स्नेह पूर्ण दीप्ति से
आलोकिनीं — देखने वाली का
त्वां — तुम्हारे (उक्त इस

*इस ध्यान में देवी का चतुर्भुज ध्यान है, और उसके हाथों में पुस्तक, अक्षमाला, वर और अभय दिखाये गये हैं।

	स्वरूप का)	तेषां	— उन्हें
मनसा	— मन से	कुतः	— कैसे
न	—	कवित्वं ?	— सर्वज्ञता (प्राप्त हो सकती है ? अर्थात् नहीं हो सकती)।
शीलयन्ति	— अभ्यास (मनन) नहीं करते हैं		

ये त्वां पाण्डुर पुण्डरीक पटलस्पष्टाभिरामप्रभां
सिञ्चन्तीममृतद्रवैरिव शिरो ध्यायन्ति मूर्ध्नि स्थिताम्।
अश्रान्तं विकटस्फुटाक्षर पदा निर्याति वक्त्राम्बुजात्
तेषां भारति ! भारती सुरसरित्कल्लोललोलोर्मिवत् ॥८॥

पदच्छेदः

ये त्वां पाण्डुर पुण्डरीक पटल स्पष्ट अभिराम प्रभां
सिञ्चन्तीम् अमृतद्रवैः इव शिरो ध्यायन्ति मूर्ध्नि स्थिताम्।
अश्रातं विकट स्फुट अक्षर पदा निर्याति वक्त्र अम्बुजात्
तेषां भारति ! भारती सुरसरित् कल्लोल लोल उर्मिवत् ॥८॥

भारति !	— परारूपिणी - हे सरस्वती !		प्रवाहों से
ये	— जो भक्त	शिरः	— सिर को अर्थात् द्वादशान्त को
त्वाम्	— तुम्हारा	सिञ्चन्तीम्	— सींचती हुई
पाण्डुर	— सफेद	मूर्ध्नि	— ललाट में
पुण्डरीक	— कमल के	स्थिताम्	— ठहरी हुई [का]
पटल	— समूह जैसे	ध्यायन्ति	— ध्यान करते हैं
स्पष्ट	— निर्मल [तथा]	तेषां	— उनके
अभिराम	— सुन्दर	वक्त्र	— मुख
प्रभां	— दीप्तिवाली	अम्बुजात्	— कमल से
अमृतद्रवैः इव	— मानो ...वित् अमृत के	विकट	— बड़े [गम्भीर]

स्फुट — स्पष्ट
अक्षरपदा — अक्षर और पदों वाली [परमार्थ पूर्ण]
भारती — वाणी
सुरसरित् — आकाश गंगा की
कल्लोललोल — चञ्चल
ऊर्मिवत् — तरंगों की जैसी
अश्रान्तं — निरन्तर
निर्याति — निकलती है।

ये सिन्दूरपरागपुञ्जपिहितां त्वत्तेजसा द्यामिमाम्
उर्वीं चापि विलीन यावकरस प्रस्तार मग्नामिव।
पश्यन्ति क्षणमऽप्यऽनन्य मनस स्तेषामऽनङ्गज्वर-
क्लान्तास्त्रस्तकुरङ्ग शावक दृशो वश्या भवन्ति स्फुटम्॥६॥

पदच्छेदः

ये सिन्दूर पराग पुञ्जपिहितां त्वत् तेजसा द्याम् इमाम्
उर्वी च अपि विलीन यावकरस प्रस्तार मग्नाम् इव।
पश्यन्ति क्षणम् अपि अनन्यमनसः तेषाम् अनङ्ग ज्वर-
क्लान्ताः त्रस्तकुरङ्ग शावकदृशः वश्याः भवन्ति स्फुटम्॥९॥

ये — जो [भक्त]
अनन्य मनसः — एकाग्र मन वाले [भक्त]
त्वत् — तुम्हारे
तेजसा — तेज से
इमां द्यां — इस आकाश को
सिन्दूर — सिन्दूर की
पराग — धूलि के
पुञ्ज — समूह से
पिहितां — छिपा हुआ
उर्वींचापि इमां और इस पृथ्वी को भी
विलीन — पिघले हुए
यावकरस — लाक्षारस के[1]
प्रसतार — विस्तार में
मग्नां इव — डूबी हुई जैसी
क्षणम् अपि — एक क्षण भी
पश्यन्ति — देखते हैं

१. कश्मीरी में ओलुत।

अनङ्ग	— काम देव के		[सुन्दर शक्तियां
ज्वर	— सन्ताप से		सर्वज्ञता आदि]
क्लान्ताः	— पीडित	स्फुटं	— प्रत्यक्ष रूप में
त्रस्त	— डरे हुए	तेषां	— उन भक्तों के
कुरंग	— हिरण के	वश्या	— वश
शावक	— बच्चों [की जैसी]	भवन्ति	— हो जाती हैं।
दृशः	— आंखों वाली		

चञ्चत्काञ्चनकुण्डलाङ्गदधरामाऽऽबद्धकाञ्चीस्रजं
ये त्वां चेतसि तद्गतेक्षणमपि ध्यायन्ति कृत्वा स्थितिम्।
तेषां वेश्मसु विभ्रमादहरहः स्फारी भवन्त्यश्चिरं
माद्यत्कुञ्जरकर्णताल तरलाः स्थैर्यं भजन्ते श्रियः॥१०॥

पदच्छेदः

चञ्चत् काञ्चन कुण्डल अङ्गद धराम् आबद्धकाञ्चीस्रज
ये त्वां चेतसि तद्गते क्षणम् अपि ध्यायन्ति कृत्वा स्थितिम्।
तेषां वेश्मसु विभ्रमाद् अहः अहः स्फारी भवन्त्यः चिरम्
माद्यत् कुञ्जर कर्णताल तरलाः स्थैर्यं भजन्ते श्रियः॥१०॥

ये	— जो (भक्त)	त्वां	— तुम्हारे (स्वरूप का)
चंचत्	— चमकते हुए	तद्गते	— उसी (तुम्हारे स्वरूप में) एकाग्र
कांचन	— सोने की		
कुंडल	— बालियों (और)	चेतसि	— मन में
अंगद	— बाज़ूबन्दों को	क्षणमपि	— एक क्षण भी
धराम्	— धारण करने वाले	स्थिति कृत्वा	— एकाग्रता पूर्वक
आबद्ध	— तथा बांधी हुई	ध्यायन्ति	— ध्यान करते हैं
काञ्ची	— सोने की	तेषां	— उन (भक्तों) के
स्रजं	— तागड़ी वाले	वेश्मसु	— घरों में

अहरहः	— सदा	तरलाः	— चंचल
स्फारी	— विकसित	श्रियः	— शक्तियां
भवन्त्यः	— होती हुई	विभ्रमात्	— विवश होकर
माद्यत्	— मस्त	चिरं	— चिर काल तक
कुंजर	— हाथी के	स्थैर्यं	— स्थिरता को
कर्णताल	— कनपुटी जैसी	भजन्ते	— सेवन करती है।

आर्भट्या शशिखण्डमण्डितजटाजूटांनृमुण्डस्रजं
बन्धूकप्रसवारुणाम्बरधरां प्रेतासनाध्यासिनीम्।
त्वां ध्यायन्ति चतुर्भुजां त्रिनयनामाऽऽपीनतुङ्गस्तनीं
मध्ये निम्नवलित्रयाङ्कितनुं त्वद्रूपसंवित्तये ॥११॥

पदच्छेदः

आर्भटया शशिखण्डमण्डित जटाजूटां नृमुण्डस्रजं
बन्धूक प्रसवअरुणअम्बरधरां प्रेत आसन अध्यासिनीम् ।
त्वां ध्यायन्ति चतुर्भुजां त्रिनयनाम् आपीन तुङ्गस्तनीम्
मध्ये निम्न वलि त्रय अङ्किततनुं त्वत्रूप संवित्तये ॥११॥

आर्भटया	— वीरवृत्ति पूर्ण	अम्बरधरां	— वस्त्र धारण किये हुए,
शशिखण्ड	— चन्द्रकला से	प्रेतासन	— प्रेतरूप आसन पर
मंडित	— सुशोभित,	अध्यासिनो	— बैठी ईहु
जटाजूटां	— जटाजूट वाली	चतुर्भुजां	— चार भुजाओं वाली,
नृमुण्ड	— मनुष्य की खोपडी की	त्रिनयनां	— तीन नेत्रों वाली[1]
स्रजं	— मालाधारी,	आपीन	— बडे
बन्धूकप्रसव	— बन्धूक पुष्प जैसे	तुङ्ग	— मोटे
अरुण	— लाल	स्तनीं	— स्तनों वाली[2]

१. तीन नेत्र–सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि। २. माता की भांति जगत् को आप्यायन और आप्लावन देने वाली।

मध्ये	— मध्य भाग में	रूप	— स्वरूप के
निम्न	— सूक्ष्म (गहरे)	संवित्तये	— जानने के लिये (भक्तजन)
वलित्रय	— तीन रेखाओं[1] के	त्वां	— तुम्हें
अंकित	— चिह्न वाले (ऐसे),	ध्यायन्ति	— ध्यान करते हैं।
तनुं	— स्वरूप का		
त्वत्	— तुम्हारे		

जातोऽप्यऽल्प परिच्छदे क्षितिभुजां सामान्य मात्रे कुले
निःशेषावनिचक्रवर्तिपदवीं लब्ध्वा प्रतापोन्नतः।
यद्विद्याधरवृन्दवन्दित पदः श्रीवत्सराजोऽभवत्
देवि! त्वच्चरणाम्बुज प्रणतिजः सोऽयंप्रसादोदयः॥१२॥

पदच्छेदः

जातः अपि अल्पपरिच्छदे क्षितिभुजां सामान्यमात्रे कुले
निःशेषअवनि चक्रवर्ति पदवीं लब्ध्वा प्रताप उन्नतः।
यत् विद्याधर वृन्दवन्दितपदः श्रीवत्सराजः अभवत्
देवि! त्वत् चरण अम्बुज प्रणतिजः स अयं प्रसाद उदयः ॥१२॥

देवि!	— हे देवी!	श्रीवत्सराजः	— कौशाम्बी नगरी का राजा
क्षितिभुजां	— क्षत्रियों के	यत्	— जो
सामान्यमात्रे	— अति साधारण	निःशेष	— सारी
कुले	— कुल (और)	अवनि	— पृथ्वी के
अल्प	— छोटे	चक्रवर्ति	— चक्रवर्ती सम्राट की
परिच्छदे	— वंश में	पदवीं	— पदवी को
जातः	— उत्पन्न हुआ	लब्ध्वा	— पाकर
अपि	— भी		

१. तीनवलि—इच्छा, ज्ञान, तथा क्रिया।

प्रताप	— ऊँचे प्रताप वाला	सोऽयं[1]	— वह यही
उन्नतः	— (अति प्रतापी)	प्रसाद	— अनुग्रह का
(च)	— (और)	उदयः	— उदय था
विद्याधर	— विद्याधरों के	त्वत्	— (जो) तुम्हारे
वृन्द	— समूह से	चरण	— चरण
वन्दित	— पूजे हुए	अम्बुज	— कमलों के
पदः	— चरणों वाला	प्रणितजः	— प्रणाम से उत्पन्न हुआ था।
अभवत्	— बना		

चण्डि ! त्वच्चरणाम्बुजार्चनविधौ बिल्वीदलोल्लुण्ठन-
त्रुट्यत्कण्टककोटिभिः परिचयं येषां न जग्मुः कराः।
ते दण्डाङ्कुशचक्रचापकुलिशश्रीवत्समत्स्याङ्कितैः
जायन्ते पृथिवीभुजः कथमिवाम्भोजप्रभैः पाणिभिः।१३।

पदच्छेदः

चण्डि ! त्वत् चरण अम्बुज अर्चन विधौ बिल्वीदल उल्लुण्ठन-
त्रुटयत् कण्टक कोटिभिः परिचयं येषां न जग्मुः कराः।
ते दण्ड अङ्कुश चक्र चाप कुलिश श्रीवत्स मत्स्य अङ्कितैः
जायन्ते पृथिवीभुजः कथम् इव अम्भोज प्रभैः पाणिभिः ।।१३।।

चण्डि !	— हे तेजस्विनी !	विधौ	— विधि में
त्वत्	— तुम्हारे	येषां	— जिन (अभक्तों के)
चरण	— चरण (ज्ञान, क्रिया रूप चरण)	कराः	— हाथों से
अम्बुज	— कमलों की	विल्वीदल	— विल्वपत्र के
अर्चन	— पूजा की	उल्लुण्ठन	— तोड़ने से
		त्रुटयत्	— चुभते हुए

१. वह ऐसे (ऊपर बताए गए)

कंटक	— कांटों के कष्ट को नहीं सहा[1]	चाप	— धनुष
		कुलिश	— कुल्हाडी
कोटिभिः	— करोडों	श्रीवत्स	— श्रीवत्स रत्न
परिचयं न अगमुः	— (कांटों की नोकों से जानकारी नहीं की)	मत्स्य	— [और] मछली के
		अंकितैः	— चिह्नों वाले[3]
		अम्भोजप्रभैः	— कमल जैसे
ते	— वह (अभक्त)	पाणिभिः	— हाथों से युक्त
दंड	— डंडा	पृथिवीभुजः	— चक्रवर्ती राजा
अंकुश	— आंकस[2]	कथं इव	— किस प्रकार,
चक्र	— चक्र	जायन्ते	— बन सकते हैं ?

विप्राः क्षोणिभुजो विशस्तदितरे क्षीराज्यमध्वासवैः
त्वां देवि ! त्रिपुरे ! पराऽपरमयीं सन्तर्प्य पूजाविधौ।
यां यां प्रार्थयते मनःस्थिरधियां तेषां त एव ध्रुवं
तां तां सिद्धिमवाप्नुवन्ति तरसा विघ्नैरविघ्नी कृताः।१४।

पदच्छेदः

विप्राः क्षोणिभुजः विशः तत् इतरे क्षीर आज्य मधु आसवैः
त्वां देवि ! त्रिपुरे ! पर अपरमयीं सन्तर्प्य पूजाविधौ ।
यां यां प्रार्थयते मनः स्थिरधियां तेषां ते एव ध्रुवं
तां तां सिद्धिम् अवाप्नुवन्ति तरसा विघ्नैः अविघ्नी कृताः ।।१४।।

---

१. जिन्होंने देवी की पूजा के लिए कष्ट सहे उनको ही चक्रवर्ती राजा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अभक्त ऐसा फल प्राप्त नहीं कर सकते हैं।
२. कश्मीरी में टोंग।
३. सामुद्रिक शास्त्रों की दृष्टि से दण्ड, अंकुश आदि के आकार हाथ पर होने चक्रवर्ती राजा बनने के लक्षण हैं।

देवि ! त्रिपुरे ! — हे क्रीडनशील त्रिपुरा देवी !
विप्राः — ब्राह्मण
क्षोणिभुजो — क्षत्रिय
विशः — वैश्य (और)
तत् इतरे — इनके अतिरिक्त [जीवन मुक्त]
क्षीर — दूध
आज्य — घी
मधु — शहद [और]
आसवैः — चित् रस से
त्वां — तुझ
परापरमयीं — स्थूल और सूक्ष्म रूप देवी को
पूजाविधौ — पूजा की विधि में
संतर्प्य — [तुझ को] तृप्त करते हैं
तेषां — उन
स्थिरधियां — अटल बुद्धि वालों का
मनः — मन
यां यां — जिस जिस
सिद्धिं — सिद्धि को
प्रार्थयते — चाहता है
तां तां — उस २ [सिद्धि को]
ते — वे [भक्त]
ध्रुवं एव — निश्चय ही
विघ्नैः — सब विघ्नों से
अविघ्नी-कृताः — निर्विघ्न होकर
तरसा — उसी क्षण
अवाप्नुवन्ति — प्राप्त करते हैं।

शब्दानां जननी त्वमत्र भुवने वाग्वादिनीत्युच्यसे
त्वत्तः केशववासवप्रभृतयोऽप्याविर्भवन्ति स्फुटम्।
लीयन्ते खलु यत्र कल्पविरमे ब्रह्मादयस्तेऽप्यमी
सा त्वं काचिदचिन्त्यरूपमहिमा शक्तिः परा गीयसे।१५।

पदच्छेदः

शब्दानां जननी त्वम् अत्र भुवने वाक् वादिनी इति उच्यसे
त्वत्तः केशववासव प्रभृतयः अपि आविर्भवन्ति स्फुटम्।
लीयन्ते खलु यत्र कल्पविरमे ब्रह्मा आदयः ते अपि अमी
सा त्वं काचित् अचिन्त्यरूप महिमा शक्तिः परा गीयसे ॥१५॥

त्वं — तुम
अत्र — इस
भुवने — जगत् में
शब्दानां — सभी शब्दों की
जननी — उत्पन्न करने वाली
वाग्वादिनी — वाणियों की[1] उच्चारण करने वाली
इति — इस नाम से
उच्यसे — कहलाती हो।
केशव — विष्णु
वासव — इन्द्र
प्रभृतयः — इत्यादि
अपि — भी
त्वत्तः — तुम से ही
स्फुटं — प्रत्यक्ष रूप से
{आविर्भवन्ति — प्रकट होते हैं।

ते अमी — वही यह
ब्राह्मादयः — ब्रह्मा [विष्णु] इत्यादि[2]
अपि — भी
कल्प — कल्प के
विरमे — अंत में
यत्र — जिस [तुम्हारे स्वरूप] में
खलु — निश्चय करके
लीयन्ते — लय हो जाते हैं
सा त्वम् — वही तुम
काचित् — कोई [अलौकिक]
{अचिन्त्य — चिन्तन से अतीत
रूप — रूप [और]
महिमा[3] — महिमा वाली
परा शक्तिः — परा [उत्कृष्ट] शक्ति
गीयसे — गाई जाती हो।

देवानां त्रितयं त्रयी हुतभुजां शक्तित्रयं त्रिस्वरा-
स्त्रैलोक्यं त्रिपदी त्रिपुष्करमथो त्रिब्रह्म वर्णास्त्रयः।

१. चार प्रकार की वाणियां परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी है। यह सब परा शक्ति का ही प्रसर है और इसी से सारी सूक्ष्म, स्थूल सृष्टि की उत्पत्ति है।

२. ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र जो सृष्टि, स्थिति और संहार के अधिकारी हैं शक्ति से ही निकलते हैं और उसी में लय हो जाते हैं।

३. अर्थात् जिसका रूप और महिमा कहा नहीं जा सकता है।

देवि ! त्रिपुरे !— हे क्रीडनशील त्रिपुरा देवी !
विप्राः — ब्राह्मण
क्षोणिभुजो — क्षत्रिय
विशः — वैश्य (और)
तत् इतरे — इनके अतिरिक्त [जीवन मुक्त]
क्षीर — दूध
आज्य — घी
मधु — शहद [और]
आसवैः — चित् रस से
त्वां — तुझ
परापरमयीं — स्थूल और सूक्ष्म रूप देवी को
पूजाविधौ — पूजा की विधि में
संतर्प्य — [तुझ को] तृप्त करते हैं
तेषां — उन
स्थिरधियां — अटल बुद्धि वालों का
मनः — मन
यां यां — जिस जिस
सिद्धि — सिद्धि को
प्रार्थयते — चाहता है
तां तां — उस २ [सिद्धि को]
ते — वे [भक्त]
ध्रुवं एव — निश्चय ही
विघ्नैः — सब विघ्नों से
अविघ्नी- — निर्विघ्न
कृताः — होकर
तरसा — उसी क्षण
अवाप्नुवन्ति — प्राप्त करते हैं ।

शब्दानां जननी त्वमत्र भुवने वाग्वादिनीत्युच्यसे
त्वत्तः केशववासवप्रभृतयोऽप्याविर्भवन्ति स्फुटम् ।
लीयन्ते खलु यत्र कल्पविरमे ब्रह्मादयस्तेऽप्यमी
सा त्वं काचिदचिन्त्यरूपमहिमा शक्तिः परा गीयसे ।१५।

पदच्छेदः

शब्दानां जननी त्वम् अत्र भुवने वाक् वादिनी इति उच्यसे
त्वत्तः केशववासव प्रभृतयः अपि आविर्भवन्ति स्फुटम् ।
लीयन्ते खलु यत्र कल्पविरमे ब्रह्मा आदयः ते अपि अमी
सा त्वं काचित् अचिन्त्यरूप महिमा शक्तिः परा गीयसे ।।१५।।

त्वं — तुम
अत्र — इस
भुवने — जगत् में
शब्दानां — सभी शब्दों की
जननी — उत्पन्न करने वाली
वाग्वादिनी — वाणियों की[1] उच्चारण करने वाली
इति — इस नाम से
उच्यसे — कहलाती हो।
केशव — विष्णु
वासव — इन्द्र
प्रभृतयः — इत्यादि
अपि — भी
त्वत्तः — तुम से ही
स्फुटं — प्रत्यक्ष रूप से
{ आवि- — प्रकट
{ र्भवन्ति — होते हैं।

ते अमी — वही यह
ब्राह्मादयः — ब्रह्मा [विष्णु] इत्यादि[2]
अपि — भी
कल्प — कल्प के
विरमे — अंत में
यत्र — जिस [तुम्हारे स्वरूप] में
खलु — निश्चय करके
लीयन्ते — लय हो जाते हैं
सा त्वम् — वही तुम
काचित् — कोई [अलौकिक]
{ अचिन्त्य — चिन्तन से अतीत
{ रूप — रूप [और]
{ महिमा[3] — महिमा वाली
परा शक्तिः — परा [उत्कृष्ट] शक्ति
गीयसे — गाई जाती हो।

देवानां त्रितयं त्रयी हुतभुजां शक्तित्रयं त्रिस्वरा-
स्त्रैलोक्यं त्रिपदी त्रिपुष्करमथो त्रिब्रह्म वर्णास्त्रयः।

---

१. चार प्रकार की वाणियां परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी है। यह सब परा शक्ति का ही प्रसर है और इसी से सारी सूक्ष्म, स्थूल सृष्टि की उत्पत्ति है।
२. ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र जो सृष्टि, स्थिति और संहार के अधिकारी हैं शक्ति से ही निकलते हैं और उसी में लय हो जाते हैं।
३. अर्थात् जिसका रूप और महिमा कहा नहीं जा सकता है।

यत्किञ्चज्जगति त्रिधा नियमितं वस्तु त्रिवर्गात्मकं
तत्सर्वं त्रिपुरेति नाम भगवत्यन्वेति ते तत्त्वतः ॥१६॥

पदच्छेदः

देवानां त्रितयं त्रयी हुतभुजां शक्तित्रयं त्रिस्वराः
त्रैलोक्यं त्रिपदी त्रिपुष्करम् अथो त्रिब्रह्म वर्णाः त्रयः ।
यत् किंचित् जगति त्रिधा नियमितं वस्तु त्रिवर्ग आत्मकम्
तत् सर्वं त्रिपुरा इति नाम भगवति ! अन्वेति ते तत्त्वतः ॥१६॥

भगवति ! — हे ऐश्वर्य शालिनी भगवती !
देवानां त्रितयं — तीन देवता (ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र)
हुतभुजां त्रयी — तीन अग्नियां (गार्हस्थ, हवन, श्मशान
शक्ति त्रयं — तीन शक्तियां (इच्छा, ज्ञान, क्रिया)
त्रिस्वराः — तीन स्वर (अ, इ, उ) [उदात्त, अनुदात्त, स्वरित]
त्रैलोक्यं — तीन लोक [भूः, भुवः, स्वः]
त्रिपदी — तीन पद [गायत्री, जालंधर, कामरूप]
त्रिपुष्करम् — तीन जल [नाभि, हृदय, ललाट]
अथो — और
त्रिब्रह्म — तीन ब्रह्म [नर, शक्ति, शिव] [इडा, पिंगला, सुषुम्ना]
त्रयः वर्णाः — तीन वर्ण [ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य]
जगति — जगत में
यत् — जो
किंचित् -- कोई भी
त्रिवर्गात्मकं — तीन वर्गों के रूप
वस्तु — पदार्थ
त्रिधा — तीन प्रकार से
नियमितं — नियम में बांधा गया है
तत्सर्वं — वह सब ही
तत्त्वतः — वास्तवता से
ते — तुम्हारे
त्रिपुरा — त्रिपुरा
इति — ऐसे
नाम — नाम का
अन्वेति — अनुसरण करते हैं।

**लक्ष्मीं राजकुले जयां रणभुवि क्षेमङ्करीमध्वनि
क्रव्यादद्विपसर्पभाजि शवरीं कान्तारदुर्गे गिरौ।
भूतप्रेतपिशाचजम्बुकभये स्मृत्वा महाभैरवीं
व्यामोहे त्रिपुरां तरन्ति विपदस्तारां च तोयप्लवे ॥१७॥**

पदच्छेदः

लक्ष्मीं राजकुले जयां रणभुवि क्षेमङ्करीम् अध्वनि
क्रव्याद द्विपसर्पभाजिशवरीं कान्तार दुर्गे गिरौ।
भूतप्रेत पिशाचजम्बुकभये स्मृत्वा महाभैरवीम्
व्यामोहे त्रिपुरां तरन्ति विपदः तारां च तोयप्लवे ॥१७॥

राजकुले	— राजकुल में	जम्बुक	— गीदड इत्यादि पशुओं के
लक्ष्मीं	— लक्ष्मी का,		
रणभुवि	— युद्ध क्षेत्र में	भये	— भय में,
जयां	— जया रूप का,	महाभैरवीं	— महा भैरवी रूप का,
क्रव्याद-	— शेर	व्यामोहे	— बडे मोह में
द्विप-	— हाथी	त्रिपुरां	— त्रिपुरा रूप का,
सर्प भाजि	— सांपों आदि से भरे	तोय	— जल के
अध्वनि	— मार्ग में,	प्लवे	— बाढ में
क्षेमंकरीम्	— क्षेमंकरी [कल्याण कारिणी] का,	तारां	— [तुम्हारे] तारारूप पार कराने वाली का
कांतार	— कठिन (और)	स्मृत्वा	— स्मरण करके (भक्तजन)
दुर्गे	— दुर्गम		
गिरौ	— पहाड पर	विपदः	— आपदाओं को
शवरीं	— शिकारिन रूप का,	तरन्ति	— पार करते हैं। [अर्थात् आपदाओं से छुटकारा पाते हैं]
भूत प्रेत	— भूत प्रेत		
पिशाच	— पिशाच और		

माया कुण्डलिनी क्रिया मधुमती काली कला मालिनी
मातङ्गी विजया जया भगवती देवी शिवा शाम्भवी।
शक्तिः शङ्करवल्लभा त्रिनयना वाग्वादिनी भैरवी
ह्रींकारी त्रिपुरा परापरमयी माता कुमारीत्यसि ॥१८॥

पदच्छेदः

माया कुण्डलिनी क्रिया मधुमती काली कला मालिनी
मातङ्गी विजया जया भगवती देवी शिवा शाम्भवी ।
शक्तिः शङ्करवल्लभा त्रिनयना वाक्वादिनी भैरवी
ह्रींकारी त्रिपुरा पर अपर मयी माता कुमारी इति असि ॥१८॥

माया — स्वातंत्र्य शक्ति
कुंडलिनी — मूलाधार शक्ति
क्रिया — क्रिया शक्ति
मधुमती — आनन्द शक्ति
काली — सृष्टि, स्थिति, संहार शक्ति
कला — अमृतमयी अमा कला
मालिनी — आदि क्षान्त वर्ण माला शक्ति
मातंगी — मतंग ऋषि की कन्या
विजया जया — विजय और जय रूपिणी
भगवती — सर्व ऐश्वर्य मयी
देवी — क्रीडा शीला

शिवा — कल्याण रूपिणी
शाम्भवी-शक्ति — शंभु की अभिन्न शक्ति
शंकर-वल्लभा — शंकर की प्रिया
त्रिनयना — (सूर्य, चद्र, अग्नि रूप) तीन नेत्रों वाली
वाग्वादिनी — परा आदि वाणी रूप विमर्शमयी
भैरवी — (भरन, रवन, वमन करने वाली) भैरव की शक्ति
ह्रींकारी — ह्रींकार रूप (माया बीज)
त्रिपुरा — इडा, पिंगला, सु-

	षम्ना रूपिणी		वाली
परापरमयी	— स्थूल सूक्ष्म रूपिणी	इति	— इन इन नामों से
माता	— जगत् जननी	असि	— तुम ही हो।
कुमारी	— भेद को नष्ट करने		

आई पल्लवितैः परस्परयुतैर्द्वि[1]त्रिक्रमाद्यक्षरैः
काद्यैः क्षान्तगतैः स्वरादिभिरथो क्षान्तैश्च तैः सस्वरैः।
नामानि त्रिपुरे! भवन्ति खलु यान्यत्यन्तगुह्यानि ते
तेभ्यो भैरवपत्नि विंशतिसहस्रेभ्यः परेभ्यो नमः ॥१९॥

पदच्छेदः

आई पल्लवितैः परस्परयुतैः द्वि त्रि क्रम आदि अक्षरैः
कआद्यैः क्षअन्त गतैः स्वर आदिभिः अथो क्षअन्तैः च तैः सस्वरैः।
नामानि त्रिपुरे! भवन्ति खलु यानि अत्यन्त गुह्यानि ते
तेभ्यः भैरवपत्नि! विंशतिसहस्रेभ्यः परेभ्यः नमः ॥१९॥

त्रिपुरे!	— हे त्रिपुरा देवी!	अथो	— फिर
आई पल्लवितैः	आ और ई से लेकर प्रसर में आये हुये	क्षान्तैः च	— क्ष जिनके अन्त में है
		तैः	— उन (क से क्ष तक)
परस्परयुतैः	— आपस में मिले हुए	सस्वरैः	— स्वरों सहित (अक्षरों से)
काद्यैः	— क से लेकर		
क्षान्तगतैः	— क्ष तक गये हुए	यानि	— जो
द्वि त्रि	— दो या तीन के	अत्यन्त	— बहुत ही
क्रमाद्यक्षरैः	— क्रम के अक्षरों से	गुह्यानि	— रहस्य
स्वरादिभिः	— आदि में स्वर रख कर	नामानि	— नाम
		ते	— तुम्हारे

१. पाठभेदः—"द्विद्विक्रमा"=द्विद्वि वर्णक्रममाश्रित्य

नेत्रोत्पलैर्मृगदृशो भृशमऽर्चयन्ति ॥१०॥

पदच्छेदः

लाक्षारसस्नपित पङ्कज तन्तु तन्वीम्
अन्तः स्मरति अनुदिनं भवतीं भवानि !
यः तं स्मरप्रतिमं अप्रतिम स्वरूपाः
नेत्रउत्पलैः मृगदृशः भृशम् अर्चयन्ति ॥१०॥

भवानि ! — हे देवी !

यः — जो भक्त

भवतीं — आपको

लक्षारस-स्नपित- — लाख के रस में धुले हुए लाल रंग के

पंकज-	— कमलों के	अप्रतिम-	— उपमा रहित
तन्तुतन्वीं	— सूक्ष्मतार जैसे अति सूक्ष्म (स्वरूप का)	स्वरूपाः	— स्वरूप वाली
		मृगदृशः	— मृग जैसी नेत्रों वाली (सुन्दर दिव्य शक्तियां सर्वज्ञत्व, सर्वकर्तृत्व, पूर्णत्व, व्यापकत्व, नित्यत्व)
अन्तः	— सुषुम्ना धाम में		
अनुदिनं	— प्रतिदिन (निरन्तर)		
स्मरति,	— स्मरण करता है		
स्मर-	— कामदेव के	नेत्र+उत्पलैः	(अपने) नेत्र कमलों से
प्रतिमम्	— समान (जैसे)	भृशम्	— अत्यधिकता से
तं	— उस भक्त को	अर्चयन्ति	— पूजती हैं।

स्तुमस्त्वां वाचमऽव्यक्तां
हिमकुन्देन्दुरोचिषम्।
कदम्बमालां विभ्राणा-
माऽऽपादतललम्बिनीम्॥११॥

पदच्छेदः

स्तुमः त्वां वाचम् अव्यक्तां
हिम कुन्द इन्दु रोचिषम्।
कदम्ब मालां बिभ्राणाम्
आपादतल लम्बिनीम्॥११॥

त्वां	— तुझ	आपादतल- लम्बिनीम्	— चरणों के तले तक लटकती हुई
हिम-[1] कुन्द-[2] इन्दु-[3] रोचिषम्	बर्फ, कुन्द पुष्प (और) चन्द्रमा की जैसी तेज वाली (तथा)	कदम्ब-	— कदंब पुष्पों की
		मालां	— माला को

१. हिम—बर्फ का एक ही अर्थात् छेद रहित निर्मल तख्ता—पश्यन्ती वाणी।
२. कुन्द पुष्प—संकुचित और एक दूसरे से भिन्न—मध्यमा वाणी।
३. इन्दु—चन्द्रमा—बेद्य समूह—वैखरी वाणी।

बिभ्राणाम्	— धारण करने वाली		(परा रूप) की
अव्यक्तां वाचम्	{ अप्रकट वाणी	स्तुमः	— (हम) स्तुति करते हैं।

मूर्ध्नीन्दोः सितपङ्कजासनगतां प्रालेयपाण्डुत्विषं
वर्षन्तीमऽमृतं सरोरुहभुवो वक्त्रेऽपि रन्ध्रेऽपि च।
अच्छिन्ना च मनोहरा च ललिता चाऽतिप्रसन्नाऽपि च
त्वामेव स्मरतां स्मरारिदयिते ! वाक् सर्वतो वल्गति।१२।

पदच्छेदः

मूर्ध्नि इन्दोः सितपङ्कज आसनगतां प्रालेयपाण्डुत्विषं
वर्षन्तीम् अमृतं सरोरुहभुवः वक्त्रे अपि रन्ध्रे अपि च।
अच्छिन्ना च मनोहरा च ललिता च अति प्रसन्ना अपि च
त्वाम् एव स्मरतां स्मर अरि दयिते ! वाक् सर्वतो वल्गति ॥१२॥

स्मरारि-	— हे शंकर की		(तथा)
दयिते !	— शक्ति !	रन्ध्रेऽपि च	— ब्रह्मरन्ध पर भी
मूर्ध्नि	— सिर पर	सरोरुह-	— कमलों के (दोनों)
इन्दोः	— चन्द्रमा के जैसे आनन्द दायक तथा	भुवः	— पत्तों पर
		अमृतं	— अमृत
सित-	— श्वेत (निर्मल) प्रकाशमान	वर्षन्तीं	— बरसाने वाली
		त्वाम् एव	— तुम्हें ही (तुम्हारे ऐसे स्वरूप का)
पंकज-	— कमल के		
आसनगतां	— आसन पर स्थित,	स्मरतां	— स्मरण करने वालों को
प्रालेय-	— बर्फ जैसी		
पाण्डु-	— सफेद चमकीली	अच्छिन्ना	— छेद रहित (निरन्तर)
त्विषं	— दीप्ति वाली,	च	— तथा
वक्त्रेऽपि	— मूलाधार पर भी	मनोहरा	— मन को हरने वाली

च	— तथा	अपि	— भी (ऐसी)
ललिता अपि	— सुन्दर भी	वाक्	— वाणी
च	— और	सर्वतो	— सब ओर से
अति	— बहुत ही	वलगति	— प्रकट होती है (विकास में आती है।
प्रसन्ना	— निर्मल		

ददातीष्टान्भोगान्क्षपयति रिपून्हन्ति विपदो
दहत्याधीन्व्याधीञ्छमयति सुखानि प्रतनुते।
हठादन्तर्दुःखं दलयति पिनष्टीष्टविरहं
सकृद्ध्याता देवी किमिव निरवद्यं न कुरुते ।।१३।।

पदच्छेदः

ददाति इष्टान् भोगान् क्षपयति रिपून् हन्ति विपदः
दहति आधीन् व्याधीन् शमयति सुखानि प्रतनुते :
हठात् अंतर्दुःखं दलयति पिनष्टि इष्टविरहम्
सकृत् ध्याता देवी किम् इव निःअवद्यं न कुरुते ।।१३।।

सकृत्	— एक ही बार (निरन्तर प्रवाहरूप)	आधीन्	— मन के रोगों को
		दहति	— जलाती है
ध्याता	— ध्यान की हुई	व्याधीन्	— शरीर के रोगों को
देवी	— देवी	शमयति	— शांत करती है,
इष्टान्	— चाहे हुए	सुखानि	— सुखों को
भोगान्	— भोगों को	प्रतनुते	— विस्तारती है,
ददाति	— देती है,	अन्तः	— अन्तः करणों के
रिपून्	— शत्रुओं को	दुःखं	— दुखों को
क्षपयति	— नाश करती है,	हठात्	— ज़ोर से
विपदः	— आपत्तियों को	दलयति	— नष्ट करती है
हन्ति	— हटाती है,	इष्ट-	— प्यारों के

विरहं — वियोग को
पिनष्टि — पीसती है (प्यारों से मिलाप कराती है)
किम् इव — वह कौनसी बात है
(जिसको कि देवी)
निरवद्यं — दोष रहित प्रकार से
न कुरुते — (सिद्ध) नहीं करती है ?

यस्त्वां ध्यायति वेत्ति विन्दति जपत्यालोकते चिन्तय-
त्यन्वेति प्रतिपद्यते कलयति स्तौत्याश्रयत्यर्चति ।
यश्च त्र्यम्बकवल्लभे ! तव गुणानाऽकर्णयत्यादरा-
त्तस्य श्रीर्न गृहादपैति विजयस्तस्याग्रतो धावति ॥ १४॥

पदच्छेदः

यः त्वां ध्यायति वेत्ति विन्दति जपति आलोकते चिन्तयति
अन्वेति प्रतिपद्यते कलयति स्तौति आश्रयति अर्चति ।
यः च त्र्यम्बकवल्लभे ! तव गुणान् आकर्णयति आदरात्
तस्य श्रीः न गृहात् अपैति विजयः तस्य अग्रतः धावति ॥ १४॥

हे त्र्यम्बक- — इच्छा, ज्ञान, क्रिया रूप तीन नेत्र वाले शिव की
वल्लभे ! — प्यारी ! (हे देवी) अभिन्न शक्ति !
यः — जो कोई
त्वां — तुम्हें
ध्यायति — ध्यान करता है,
वेत्ति — जानता है,
विन्दति — प्राप्त करता है,
जपति — जप करता है,
आलोकते — देखता है,
चिन्तयति — चिन्तन करता है,
अन्वेति — पीछे चलता है,
प्रतिपद्यते — शरण में आता है,
कलयति — विमर्श करता है,
स्तौति — स्तुति करता है,
आश्रयति — आसरा लेता है,
अर्चति — पूजता है,
च — और
यः — जो
तव — तुम्हारे
गुणान् — गुणों को
आदरात् — आदर के साथ

आकर्णयति	— (समाहित होकर) सुनता है,	विजयः	— विजयः
तस्य	— उस पुरुष के	तस्य	— उसके
गृहात्	— घर से	अग्रतो	— आगे आगे
श्रीः	— भोग और मोक्ष रूप लक्ष्मी	धावति	— दौडती है। वह सब दुःखों और आत्मा के आवरण रूप मोह को जीत कर आत्म लाभ प्राप्त करता है।
न	{ नहीं		
अपैति	— { दूर जाती है(उस के वश में रहती है) (तथा)		

किं किं दुःखं दनुजदलिनि ! क्षीयते न स्मृतायां
का का कीर्तिः कुलकमलिनि ! ख्याप्यते न स्तुतायाम्।
का का सिद्धिः सुरवरनुते ! प्राप्यते नार्चितायां
कं कं योगं त्वयि न चिनुते चित्तमालम्बितायाम् ॥१५॥

पदच्छेदः

किं किं दुःखं दनुज दलिनि ! क्षीयते न स्मृतायाम्
का का कीर्तिः कुलकमलिनि ! ख्याप्यते न स्तुतायाम् ।
का का सिद्धिः सुरवरनुते ! प्राप्यते न अर्चितायाम्
कं कं योगं त्वयि न चिनुते चित्तम् आलम्बितायाम् ॥१५॥

दनुजदलिनि !	हे काम, क्रोध, लोभ मोह, मद, अहंकार रूप राक्षसों की संहार कारिणी हे देवी !	स्मृतायां	— (जो तुम्हारे) स्मरण करने पर
		न क्षीयते	— नष्ट नहीं होता है?
किं किं	— वह कौन २ सा	कुलकमलिनि !	हे विश्व रूपी कमल को खिलाने वाली (देवी) !
दुःखं	— (ऐसा) दुख है		

का का — (वह) कौन २ सी
कीर्तिः — कीर्ति है
स्तुतायाम् — जो (तुम्हारी) स्तुति करने पर
न ख्याप्यते — सिद्ध नहीं होती है ?
सुरवरनुते ! — हे श्रेष्ट देवताओं से नमस्कार की गई (देवी) !
का का — (वह) कौन २ सी
सिद्धिः — सिद्धि है

अर्चितायां — (जो तुम्हारी) पूजा करने पर
न प्राप्यते — प्राप्त नहीं होती है ?
कं कं — (वह) कौन २ सा
योगं — योग है
त्वयि — (जो) तुम में
चित्तम् — मन
आलम्बितायाम् लगाने पर
न चिनुते — जाना नहीं जाता है ?

ये देवि ! दुर्धरकृतान्तमुखान्तरस्था
ये कालि ! कालघनपाशनितान्त बद्धाः ।
ये चण्डि ! चण्डगुरुकल्मषसिन्धुमग्ना-
स्तान्पासि मोचयसि तारयसि स्मृतव ।। १६।।

पदच्छेदः

ये देवि ! दुर्धर कृतान्त मुख अन्तरस्थाः
ये कालि ! काल घनपाशनितान्तबद्धाः ।
ये चण्डि ! चण्ड गुरु कल्मष सिन्धुमग्नाः
तान् पासि मोचयसि तारयसि स्मृता एव ।।१६।।

देवि ! — हे (चमकने वाली स्वप्रकाश) देवी !
ये — जो
दुर्धर- — धारण करने के लिए कठिन (असह्य)

[1]कृतान्त-मुखान्तरस्था — मृत्यु के मुख में पडे हुए हों, जन्म मरण से भय भीत हों,
कालि ! — हे काल को जीतने

---

१. आणवमल

	वाली !	मग्नाः	— डूबे हों,
ये	— जो	तान्	— ऐसे सभी (आर्त भक्तों को)
[1]काल-	— काल शक्ति की		
घनपाश-	— घनी फांसियों के	स्मृता एव	— (उनके द्वारा) स्मरण ही किये जाने पर (क्रमशः)
नितान्त-	— ज़ोर से		
बद्धाः	— (जो) बांधे गये हों,		
चण्डि !	— हे तेजोमय भयानक रूप धारण करने वाली (देवी) !	पासि	— जन्म मरण से बचाती हो
		मोचयसि	— काल से छुटकारा दिलाती हो
ये	— (और) जो		
[2]चण्ड-	— कठिन (और)	तारयसि	— पुण्य पाप के सागर से पार लगाती हो।
गुरुकल्मष-	— भारी पापों के		
सिन्धु-	— समुद्र में		

लक्ष्मीवशीकरणचूर्णसहोदराणि
त्वत्पादपङ्कजरजांसि चिरं जयन्ति।
यानि प्रणाममिलितानि नृणां ललाटे
लुम्पंति दैवलिखितानि दुरक्षराणि ॥१७॥

पदच्छेदः

लक्ष्मी वशीकरणचूर्ण सह उदराणि
त्वत् पादपङ्कजरजांसि चिरं जयन्ति ।
यानि प्रणाममिलितानि नृणां ललाटे
लुम्पन्ति दैव लिखितानि दुर् अक्षराणि ॥१७॥

लक्ष्मी-	— (भोग) लक्ष्मी को	सहोदराणि	— सगे भाई अर्थात् समान शक्ति रखने वाले
वशीकरण-	— वश करने के लिए		
चूर्ण-	— औषधि के		

---

१. मायीयमल २. कार्ममल

त्वत्-	— तुम्हारे	मिलितानि	— लगे हुए
पादपंकज-	— चरणकमलों की	दैव-	— प्रारब्ध में
रजांसि	— धूलि के कण	लिखितानि	— लिखे हुए
चिरं	— अनन्त काल तक	दुर्-	— बुरे
जयन्ति	— जय शील रहते हैं	अक्षरानि	— अक्षरों को
यानि	— जो (धूलि के कण)	लुम्पन्ति	— मिटा देते हैं। अर्थात् सभी आपत्तियों से छुटकारा देते हैं।
नृणां	— (प्रणाम करने वाले) भक्तों के		
ललाटे	— माथे पर		
प्रणाम-	— प्रणाम करने से		

रे मूढाः! किमयं वृथैव तपसा कायः परिक्लिश्यते
यज्ञैर्वा बहुदक्षिणैः किमितरे रिक्तीक्रियन्ते गृहाः।
भक्तिश्चेदऽविनाशिनी भगवतीपादद्वयी सेव्यता-
मुन्निद्राम्बुरुहातपत्रसुभगा लक्ष्मीः पुरो धावति ॥१८॥

पदच्छेदः

रे मूढाः! किं अयं वृथा एव तपसा कायः परिक्लिष्यते?
यज्ञैः वा बहुदक्षिणैः किं इतरे रिक्ती क्रियन्ते गृहाः?
भक्तिःचेत् अविनाशिनी भगवती पादद्वयी सेव्यताम्
उन्निद्र अम्बुरुह आतपत्रसुभगा लक्ष्मीः पुरः धावति ॥१८॥

रे मूढाः!	— अरे मोह में डूबे हुए अज्ञानी मूर्ख संसारिक पुरुषो!	अयं	— इस (अपने)
		कायः	— शरीर को
		वृथा एव	— व्यर्थ ही
किं	— क्यों	परिक्लिष्यते	— कष्ट देते हो?
तपसा	— (ज्ञान रहित) तपस्या (तप, जप, व्रत आदि अधम उपायों से (तुम)	वा	— अथवा
		बहुदक्षिणैः	— बड़ी दक्षिणाओं से युक्त
		यज्ञैः	— यज्ञों से

इतरे	— कुछ पुरुष		रूप
गृहा:	— (अपने) घरों को	पादद्वयी	— दो चरणों की
रिक्ती	— खाली	सेव्यताम्	— सेवा कीजिये
(किं)	— क्यों	उन्निद्र-	— (तो) खिले हुए
क्रियन्ते	— कर देते हैं,	अम्बुरुह-	— कमल के
चेद्	— यदि (तुम में)	आतपत्र	— छत्र से
*(अविनाशिनी) अटल		सुभगा	— शोभायमान
भक्ति:	— भक्ति है (तो)	लक्ष्मी:	— लक्ष्मी
अविनाशिनी	— तीन काल में नित्य	पुरो	— तुम्हारे आगे २
भगवती	— देवी के ज्ञान क्रिया	धावति	— दौडेगी।

याचे न कंचन न कंचन वञ्चयामि
सेवे न कंचन निरस्तसमस्तदैन्यः।
श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्री-
र्देवी हृदि स्फुरति मे कुलकामधेनुः ॥१६॥

पदच्छेदः

याचे न कंचन न कंचन वञ्चयामि
सेवे न कंचन निरस्तसमस्त दैन्यः।
श्लक्ष्णं वसे मधुरं अद्मि भजे वरस्त्रीः
देवी हृदि स्फुरति मे कुलकामधेनुः ॥१९॥

निरस्त-	— हटी हुई		निरपेक्ष (मैं भक्त)
समस्त-	— सभी	कंचन	— किसी से भी
दैन्य:	— दीनताओं वाला	न याचे	— कुछ नहीं मांगता हूं[1]

*अविनाशिनी विशेषण पद को भक्ति और भगवती दोनों के साथ प्रयुक्त किया जा सकता है।   १. मैं स्वतन्त्र और परिपूर्ण हूं।

कंचन	— किसी को भी	अद्मि	— भोग भोगता हूं, आनंद से पूर्ण हूं
न वंचयामि	— कपट से नहीं ठगता हूं[1],	वरस्त्रीः	— उत्तम चित् शक्ति का
कंचन	— किसी की भी	भजे	— विमर्श करता हूं, (क्योंकि)
न सेवे	— सेवा नहीं करता हूं (मैं स्वतंत्र हूं)	कुलकामधेनुः	— सभी अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली-
श्लक्ष्णं	— सुन्दर (बारीक)	देवी	— तेजस्विनी देवी
वसे	— वस्त्र धारण करता हूं[2] देहाभिमान रहित हूं और चिद्रूप हूं	मे	— मेरे
		हृदि	— हृदय में
मधुरम्	— स्वादिष्ट	स्फुरति	-- विकसित है।

शब्दब्रह्ममयि ! स्वच्छे देवि त्रिपुरसुन्दरि !।
यथाशक्ति जपं पूजां गृहाण परमेश्वरि ॥२०॥

पदच्छेदः

शब्दब्रह्ममयि ! स्वच्छे ! देवि ! त्रिपुरसुन्दरि !।
यथाशक्ति जपं पूजां गृहाण परमेश्वरि ! ॥२०॥

शब्दब्रह्ममये	— अ से क्ष तक मातृका रूपिणी जीव और ब्रह्म का ऐक्य कराने वाली	परमेश्वरि !	— हे परमेश्वर की स्वातन्त्र्य शक्ति !
स्वच्छे !	— हे निर्मल चित्स्वरूप	यथाशक्ति	— जैसी वैसी थोडी मेरी शक्ति के अनुसार की हुई मेरे
देवि !	— हे सृष्टि-स्थिति-संहार पिधान अनुग्रह रूप क्रीडा करने वाली !	जपं	— जप (और)
		पूजां	— पूजा को
		गृहाण	— स्वीकार कीजिये।
त्रिपुरसुन्दरि !	हे तीनों शरीरों में		

१. मेरे अंतः करण शुद्ध हैं। २. मैं चित्स्वरूप हूं।

नन्दन्तु साधकाः सर्वे विनश्यन्तु विदूषकाः।
अवस्था शाम्भवी मेऽस्तु प्रसन्नोऽस्तु गुरुः सदा ॥२१॥

पदच्छेदः

नन्दन्तु साधकाः सर्वे विनश्यन्तु विदूषकाः।
अवस्था शाम्भवी मे अस्तु प्रसन्नः अस्तु गुरुः सदा ॥२१॥

सर्वे	— सभी	अवस्था	— अवस्था
साधकाः	— मोक्षसिद्धि के अभिलाषी	अस्तु	— रहे,
		गुरुः	— मेरे गुरुदेव
नन्दन्तु	— आनन्द प्राप्त करें,	सदा	— सदा व सर्वदा
विदूषकाः	— निन्दक	प्रसन्नः	— मुझ पर अनुग्रह करने वाले
विनश्यन्तु	— नष्ट हो जायें,[1]		
मे	— मुझे	अस्तु	— रहें।
शाम्भवी	— शाम्भव (अभेदमय)		

दर्शनात्पापशमनी जपान्मृत्युविनाशिनी।
पूजिता दुःखदौर्भाग्यहरा त्रिपुरसुन्दरी ॥२२॥

पदच्छेदः

दर्शनात् पापशमनी जपात् मृत्युविनाशिनी।
पूजिता दुःख दौर्भाग्यहरा त्रिपुरसुन्दरी ॥२२॥

त्रिपुरसुन्दरी	— देवी त्रिपुरा	पूजिता	— पूजा की गई (देवी)
दर्शनात	— दर्शन से		(अर्थात् जब भक्त
पापशमनी	— पापों को नाश करती है,		उसकी पूजा करते हैं)
		दुःख	— दुख (और)
जपात	— जप से	दौर्भाग्य-	— दुर्भाग्यों को
मृत्युविनाशिनी	मृत्यु का नाश करने वाली है,	हरा	— हटाने वाली (बनती है।)

---

१. उनकी पाप करने की प्रवृत्ति शुद्ध होकर वे भी दोष रहित हो जायें।

नमामि यामिनीनाथलेखालङ्कृतकुन्तलाम् ।
भवानीं भवसन्तापनिर्वापणसुधानदीम् ।।२३।।

पदच्छेदः

नमामि यामिनी नाथ लेखा अलङ्कृत कुन्तलाम् ।
भवानीं भवसन्ताप निर्वापण सुधानदीम् ।।२३।।

यामिनीनाथ-	चन्द्रमा की	संताप-	— दुखों को
लेखा-	— कला से	निर्वापण-	— हटाने के लिए
अलंकृत-	— शोभित	सुधानदीम्	— अमृत नदी रूप
कुन्तलाम्	— केशों वाली,	भवानीम्	— देवी को
भव-	— संसार के	नमामि	— मैं प्रणाम करता हूं ।

मन्त्रहीनंक्रियाहीनं विधिहीनं च यद्गतम् ।
त्वया तत्क्षम्यतां देवि ! कृपया परमेश्वरि ।।२४।।

पदच्छेदः

मन्त्रहीनं क्रियाहीनं विधिहीनं च यत् गतम् ।
त्वया तत् क्षम्यतां देवि ! कृपया परमेश्वरि ! ।।२४।।

मन्त्रहीनं	— मंत्र रहित,	देवि !	— हे देवी,
क्रियाहीनं	— क्रिया रहित	परमेश्वरि !	— परमेश्वर की शक्ति!
च	— और	त्वया	— आप
विधिहीनं	— विधिरहित	तत्	— उस सब कुछ के लिए
यद्	— जो कुछ	कृपया	— कृपा (करके)
गतम्	— मुझ से हुआ	क्षम्यताम्	— क्षमा करें ।

इति श्री पञ्चस्तव्यां घटस्तवः तृतीयः ।।३।।

ॐ

अथ पञ्चस्तव्यामऽम्बस्तवश्चतुर्थः।

॥ओं॥

यामाऽऽमनन्ति मुनयः प्रकृतिं पुराणीं
विद्येति यां श्रुतिरहस्यविदो वदन्ति।
तामऽर्धपल्लवितशङ्कररूपमुद्रां
देवीमऽनन्यशरणः शरणं प्रपद्ये ॥१॥

पदच्छेदः

याम् आमनन्ति मुनयः प्रकृतिं पुराणीम्
विद्या इति यां श्रुतिरहस्य विदः वदन्ति ।
तां अर्ध पल्लवित शङ्कररूप मुद्रां
देवीम् अनन्य शरणः शरणं प्रपद्ये ॥१॥

याम्	— जिसको	रहस्य-	— सार को
मुनयः	— ऋषि मुनि	विदः	— जानने वाले (ज्ञानी पुरुष)
पुराणीम्	— अनादिकाल से सिद्ध		
प्रकृतिम्	— प्रकृति(जगत् योनि)	विद्या	— शुद्ध विद्या के
आमनन्ति	— कहते हैं,	इति	— नाम से
याम्	— जिसको	वदन्ति	— पुकारते हैं,
श्रुति-	— वेदों और शास्त्रों के	ताम्	— उसी

अर्ध-[1]	— आधे स्वरूप के अर्पण करने से	अनन्य-	— (मैं भक्त)
पल्लवित-	— विकसित होकर	शरणः	— जिसका (देवी के विना) दूसरा कोई सहारा नहीं है
शंकररूप-	— शंकर के स्वरूप को		
मुद्रां	— मुद्रित करने वाली	शरणं	— शरण
देवीं	— देवी को	प्रपद्ये	— होता हूं।

अम्ब ! स्तवेषु तव तावदऽकर्तृकाणि
कुण्ठीभवन्ति वचसामऽपि गुम्फनानि ।
डिम्बस्य मे स्तुतिरसावऽसमञ्जसाऽपि
वात्सल्यनिघ्नहृदयां भवतीं धिनोति ॥२॥

पदच्छेदः

अम्ब ! स्तवेषु तव तावत् अकर्तृकाणि
कुण्ठीभवन्ति वचसाम् अपि गुम्फनानि ।
डिम्बस्य मे स्तुतिः असौ असमञ्जसा अपि
वात्सल्य निघ्नहृदयां भवतीं धिनोति ॥२॥

अम्ब !	— हे माता !	अपि	— भी
तव	— तुम्हारी	अकृर्तृकाणि	— जिनका (परमेश्वर के विना) कोई कर्ता नहीं है,
स्तवेषु	— स्तुति करने में		
तावत्	— तो		
वचसां	— वेदों की	कुण्ठी	— कुण्ठित
गुम्फनानि	— सुन्दर रचनायें (वाक्य)	भवन्ति	— हो जाती हैं, (तो भी)

---

१. जिसने अपना आधा स्वरूप शिब को अर्पण करके (उसे चैतन्यरूप बना कर) शक्तिमान बनाया है और उसके स्वरूप में अपनी शक्ति की मुद्रा स्थापित की है।

मे	— मुझ		है
डिम्बस्य	— मूर्ख की	वात्सल्यनिघ्न-	स्नेह भरी
असौ	— यह	हृदयां	— हृदय वाली
स्तुतिः	— स्तुति	भवतीं	— आप (माता) को
असमंजसापि	— (यद्यपि) अयुक्त भी	धिनोति	— प्रसन्न करती है।

व्योमेति बिन्दुरिति नाद इतीन्दुलेखा-
रूपेति वाग्भवतनूरिति मातृकेति।
निःष्यन्दमानसुखबोधसुधास्वरूपा
विद्योतसे मनसि भाग्यवतां जनानाम् ॥३॥

पदच्छेदः

व्योम इति बिन्दुः इति नादः इति इन्दुलेखा-
रूपा इति वाक् भवतनूः इति मातृका इति।
निःष्यन्दमान सुखबोध सुधा स्वरूपा
विद्योतसे मनसि भाग्यवतां जनानाम् ॥३॥

व्योम इति	— चिदाकाश,	सुख-	— आनन्द, (और)
बिन्दुः इति	— ज्ञान,	बोध-	— ज्ञान रूप
नादः इति	— विज्ञान, (विमर्श)	सुधा-	— अमृत के
इन्दुलेखा-रूपा इति	— चन्द्रमा की कला रूप,	स्वरूपा	— स्वरूप वाली (हे देवी ! आप)
वाक्-	— वाणियों के	भाग्यवतां	— सौभाग्य वाले
भवतनूः इति	— उत्पत्ति स्थान रूप	जनानां	— (भक्त) जनों के
मातृका इति	— माता रूप (और) अ से लेकर क्ष तक मातृका रूप	मनसि	— मन में
		विद्योतसे	— विकसित (प्रकट) होती हो।
निःष्यन्दमान-	निकलते हुए		

आविर्भवत्पुलकसन्ततिभिः शरीरै-
र्निःष्यन्दमानसलिलैर्नयनैश्च नित्यम् ।
वाग्भिश्च गद्गदपदाभिरुपासते ये
पादौ तवाम्ब ! हृदयेषु त एव धन्याः ।।४।।

पदच्छेदः

आविर्भवत् पुलकसन्ततिभिः शरीरैः
निःष्यन्दमान सलिलैः नयनैः च नित्यम ।
वाग्भिः च गद्गदपदाभिः उपासते ये
पादौ तव अम्ब ! हृदयेषु ते एव धन्याः ।।४।।

अम्ब !	— हे माता !	ये	— जो (भक्तवर)
आविर्भवत्	— प्रकट बने हुए	तव	— तुम्हारे
पुलक-	— रोमांचों की	पादौ	— चरणों को
सन्ततिभिः	— पंक्तियों से युक्त	नित्यम्	— निरन्तर
शरीरैः	— शरीरों से,	हृदयेषु	— अपने हृदयों में
निःष्यन्दमान-	बहते हुए	उपासते	— पूजते हैं (मन में धारण करते हैं)
सलिलैः	— जल से युक्त (अश्रु धारा भरे)	त एव	— वे ही (भक्त)
नयनैः	— नेत्रों से,	धन्याः	— श्लाध्य हैं अर्थात् आप से एकता प्राप्त करने के अधिकारी बनते हैं ।
च	— और		
गद्गदपदाभिः	गद्गद शब्दों वाली (हिचकी बन्धे हुए)		
वाग्भिः	— वाणियों से		

वक्त्रं यदुद्यतमऽभिष्टुतये भवत्या-
स्तुभ्यं नमो यदपि देवि ! शिरः करोति ।

चेतश्च यत्त्वयि परायणमम्ब ! तानि
कस्यापि कैरपि भवन्ति तपोविशेषैः ॥५॥

पदच्छेदः

वक्त्रं यत् उद्यतम् अभिष्टुतये भवत्याः
तुभ्यम् नमः यत् अपि देवि ! शिरः करोति ।
चेतः च यत् त्वयि परायणम् अम्ब ! तानि
कस्य अपि कैः अपि भवन्ति तपः विशेषैः ॥५॥

देवि !	— हे देवी !	चेतः च	— और (ऐसा) मन
वक्त्रं	— (ऐसा) मुख	यत्	— जो
यत्	— जो	त्वयि	— आप में (आपके वि-मर्श में)
भवत्याः	— आपकी		
अभिष्टुतये	— बार बार स्तुति करने के लिए	परायणम्	— लीन हो,
		अम्ब !	— हे माता !
उद्यतम्	— उद्योग युक्त हो,	तानि	— यह (तीनों बातें)
शिरः	— (ऐसा) सिर	कस्यापि	— किसी ही विरले (भक्त) को
अपि	— भी		
यत्	— जो	कैरपि	— किन्ही
तुभ्यं	— आपको	तपो विशेषैः	— उत्तम तपों (के बल) से
नमः	— नमस्कार		
करोति	— करता हो,	भवन्ति	— (प्राप्त) होती हैं।

मूलालवालकुहरादुदिता भवानि !
निर्भिद्य षट्सरसिजानि तडिल्लतेव।
भूयोऽपि तत्र विशसि ध्रुवमण्डलेन्दु-
निःष्यन्दमानपरमामृततोयरूपा ॥६॥

पदच्छेदः

मूल आलवाल कुहरात् उदिता भवानि !
निर्भिद्य षट् सरसिजानि तडित् लता इव ।
भूयः अपि तत्र विशसि ध्रुवमण्डल इन्दु-
निःष्यन्दमान परम अमृत तोयरूपा ।।६।।

भवानि !	— हे देवी, (आप)	ध्रुवमंडलेन्दु-	निश्चल मण्डल वाले चन्द्रमा (अमा कला) से
मूलालवाल- कुहरात्	— मूलाधार के रन्ध्र से		
उदिता	— उदय में आई हुई	निःष्यन्दमान-	प्रवाह रूप में निकलती हुई
षट्	— छः		
सरसिजानि[1]	— कमलों को	परामृत-	— उत्कृष्ट चित् अमृत के
तडित् लता	— बिजली की कडक		
इव	— की तरह	तोयरूपा	— जलरूप
निर्भिद्य	— फाडकर	तत्र	— उसी मूलाधार में
भूयः अपि	— फिर मुडकर	विशसि	— प्रवेश करती हो ।

दग्धं यदा मदनमेकमऽनेकधा ते
मुग्धः कटाक्षविधिरङ्कुरयांचकार ।
धत्ते तदाप्रभृति देवि ! ललाटनेत्रं
सत्यं ह्रियेव मुकलीकृतमिन्दुमौलिः ।।७।।

पदच्छेदः

---

१. मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक छः स्थान
अर्थात् नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य तथा ब्रह्मरन्ध्र ।

दग्धं यदा मदनम् एकम् अनेकधा ते
मुग्धः कटाक्ष विधिः अंकुरयांचकार ।
धत्ते तदा प्रभृति देवि ! ललाटनेत्रम्
सत्यं ह्रिया इव मुकुली कृतम् इन्दुमौलिः ॥७॥

देवि ! — हे देवी !
यदा — जब
ते — तुम्हारी
मुग्धः — मनोहर
कटाक्षविधिः — नेत्रों की दृष्टि
एकम् — अकेले
अनेकधा — नाना प्रकार से
दग्धं — जले हुए
मदनम् — कामदेव को
अंकुरयां- — अंकुर-
चकार — निकालने लगी
अर्थात् उसे पुनः
जीवित करने लगी

तदा प्रभृति — तब से
इन्दुमौलिः — शंकर
ललाट- — माथे के
नेत्रं — नेत्र को
सत्यं — सचमुच ही
ह्रिया — लज्जा के मारे
मुकली कृतम् (अर्धनिमीलित) बन्द किये हुए
इव — जैसा
धत्ते — धारण करता है ।

अज्ञातसम्भवमनाकलितान्ववायं
भिक्षुं कपालिनमवाससमद्वितीयम् ।
पूर्वं करग्रहणमङ्गलतो भवत्याः
शम्भुं क एव बुबुधे गिरिराजकन्ये ॥८॥

पदच्छेदः

अज्ञातसम्भवम् अनाकलित अन्ववायं
भिक्षुं कपालिनम् अवाससम् अद्वितीयम् ।
पूर्वं करग्रहणमङ्गलतः भवत्याः
शम्भुं कः एव बुबुधे गिरिराज कन्ये ! ॥८॥

गिरिराजकन्ये ! हे पार्वती !
अज्ञात् संभवम् जिसके माता पिता ही विदित नहीं,
अनाकलित- अन्ववायं — { जिसका कुल ही किसी को मालूम नहीं,
भिक्षुं — भिक्षा करने वाले,
कपालिनं — कपालधारी,
अवाससम् — नंगे (वस्त्रहीन) (तथा)
अद्वितीयम् — जिसके जैसा कोई दूसरा नहीं,
शम्भुं — (ऐसे) शंकर को
भवत्याः — आपके साथ
करग्रहण- — पाणिग्रहण (विवाह) रूप
मंगलतः — कल्याण से
पूर्वं — पहले
कः एव — भला कौन
बुबुधे — जानता था ? अर्थात् कोई भी नहीं जानता था ।

चर्माम्बरं च शवभस्मविलेपनं च
भिक्षाटनं च नटनं च परेतभूमौ ।
वेतालसंहतिपरिग्रहता च शम्भोः
शोभां बिभर्ति गिरिजे ! तव साहचर्यात् ।।६।।

पदच्छेदः

चर्म अम्बरं च शवभस्म विलेपनं च
भिक्षा अटनं च नटनं च परेत भूमौ ।
वेताल संहति परिग्रहता च शम्भोः
शोभां बिर्भति गिरिजे तव साहचर्यात् ।।९।।

शम्भोः — शिव का
चर्माम्बरं च — मृगछाला इत्यादि वस्त्र पहनना,
शवभस्म- — मुर्दों का भस्म
विलेपनं च — शरीर पर मलना,
भिक्षाटनम् च और भिक्षा के लिये घूमना,
परेत भूमौ — प्रेतों की भूमि में

नटनं	— नाचना,	गिरिजे !	— हे पार्वति !
च	— तथा	तव	— तुम्हारे (उस शिव के)
वेतालसंहति-	वेताल भैरव इत्यादि के समूह का	साहचर्यात्	— साथ चलने से
परिग्रहता	— कुटुम्ब रूप होना(यह उसकी विलक्षणता)	शोभां	— शोभा को
		बिभर्ति[1]	— धारण करती है।

कल्पोपसंहरणकेलिषु पण्डितानि
चण्डानि खण्डपरशोरपि ताण्डवानि।
आलोकनेन तव कोमलितानि मात-
र्लास्यात्मना परिणमन्ति जगद्विभूत्यै ॥१०॥

पदच्छेदः

कल्प उपसंहरण केलिषु पण्डितानि
चण्डानि खण्डपरशोः अपि ताण्डवानि।
आलोकनेन तव कोमलितानि मातः !
लास्यात्मना परिणमन्ति जगत् विभूत्यै ॥१०॥

मातः !	— हे माता !		के)
कल्प-	— कल्प के	पण्डितानि	— निपुण (तथा)
उपसंहरण-	— संहार करने की	चण्डानि	— अति तीक्ष्ण
केलिषु	— क्रीडाओं में	ताण्डवानि	— ताण्डव नृत्य
खण्डपरशो	— कुल्हाड़ा जिसका आयुध है(ऐसे शंकर	अपि	— भी
		तव	— तुम्हारी

---

१. शंकर का यह सब व्यवहार, अर्थात् नंगा रहना, भस्म मलना भिक्षा मांगना इत्यादि जो सांसारिक दृष्टि से निन्दित है देवी के उसके साथ होने से उसके (शंकर के) प्रभाव को बढाता है।

लास्यात्मना —	सृष्टिकारक नाचरूप	जगत्-	— जगत के
आलोकनेन --	दृष्टि मात्र से	विभूत्यै	— ऐश्वर्य के लिए
कोमलितानि	कोमल बनकर	परिणमन्ति	— परिणत हो जाते हैं।

जन्तोरपश्चिमतनोः सति कर्मसाम्ये
निःशेषपाशपटलच्छिदुरा निमेषात्।
कल्याणि! दैशिककटाक्षसमाश्रयेण
कारुण्यतो भवसि शाम्भववेददीक्षा ॥११॥

पदच्छेदः

जन्तो अपश्चिमतनोः सति कर्मसाम्ये
निःशेष पाशपटलच्छिदुरा निमेषात् ।
कल्याणि ! दैशिक कटाक्षसम् आश्रयेण
कारुण्यतः भवसि शाम्भव वेददीक्षा ॥११॥

कल्याणि !	— हे कल्याणरूपिणी !	समाश्रयेण	— आश्रय लेने से
अपश्चिमतनोः	जीवन्मुक्त[1] बनने वाले	निमेषात्	— क्षणमात्र में
		निःशेष-	— सभी
जन्तोः	— जीवधारी को	पाश-	— पाशों के
कर्मसाम्ये	— पुण्य और पाप कर्मों की समता	पटल-	— समूहों को
		च्छिदुरा	— काटने वाली
सति	— हो जाने पर	शाम्भव वेद-	शैव शास्त्रों की
कारुण्यतो	— दया से	दीक्षा	— रहस्य उपदेश करने वाली
दैशिक-	— सद्गुरु की		
कटाक्ष-	— अनुग्रह की दृष्टि का	भवसि	— (तुम) बनती हो।

---

१. जो इस शरीर के पश्चात् कोई दूसरा शरीर धारण नहीं करता है।

मुक्ताविभूषणवती नवविद्रुमाभा
यच्चेतसि स्फुरसि तारकितेव सन्ध्या।
एकः स एव भुवनत्रयसुन्दरीणां
कन्दर्पतां व्रजति पञ्चशरीं विनापि ॥१२॥

पदच्छेदः

मुक्ता विभूषणवती नवविद्रुमआभा-
यत् चेतसि स्फुरसि तारकिता इव सन्ध्या ।
एकः स एव भुवनत्रय सुन्दरीणां
कन्दर्पतां व्रजति पञ्चशरीम् विना अपि ॥१२॥

मुक्ता-	—	मोतियों के
विभूषणवती	—	भूषणों से सुशोभित,
नवविद्रुम-	—	नये रुद्राक्ष की
आभा	—	दीप्ति वाली (आप)
यत्	—	जिस (भक्त) के
चेतसि	—	मन में
तारकिता	—	तारों से भरी हुई
सन्ध्या	—	सन्ध्या
इव	—	जैसी
स्फुरसि	—	विकास में आती हो (अपना साक्षात्कार कराती हो)
स एकः इव	—	वही एक (भक्त)
भुवनत्रय-	—	तीनों भुवनों का (शासन करने वाली)
सुन्दरीणां	—	उत्तम शक्तियों के
कन्दर्पतां	—	कामदेवभाव को[1]
पंचशरीं	—	पांच बाणों के (धारण किये)
विनापि	—	विना ही
व्रजति	—	प्राप्त होता है।

---

१. जिस प्रकार कामदेव के आवेश से युवतियां मोहित हो जाती हैं, उसी प्रकार उत्कृष्ट शक्तियां भी उत्तम भक्त के वश में हो जाती हैं।

लास्यात्मना	— सृष्टिकारक नाचरूप	जगत्-	— जगत के
आलोकनेन	-- दृष्टि मात्र से	विभूत्यै	— ऐश्वर्य के लिए
कोमलितानि	कोमल बनकर	परिणमन्ति	— परिणत हो जाते हैं

जन्तोरपश्चिमतनोः सति कर्मसाम्ये
निःशेषपाशपटलच्छिदुरा निमेषात् ।
कल्याणि ! दैशिककटाक्षसमाश्रयेण
कारुण्यतो भवसि शाम्भववेददीक्षा ॥११॥

पदच्छेदः

जन्तो अपश्चिमतनोः सति कर्मसाम्ये
निःशेष पाशपटलच्छिदुरा निमेषात् ।
कल्याणि ! दैशिक कटाक्षसम् आश्रयेण
कारुण्यतः भवसि शाम्भव वेददीक्षा ॥११॥

कल्याणि !	— हे कल्याणरूपिणी !	समाश्रयेण	— आश्रय लेने से
अपश्चिमतनोः	जीवन्मुक्त[1] बनने वाले	निमेषात्	— क्षणमात्र में
		निःशेष-	— सभी
जन्तोः	— जीवधारी को	पाश-	— पाशों के
कर्मसाम्ये	— पुण्य और पाप कर्मों की समता	पटल-	— समूहों को
		छिदुरा	— काटने वाली
सति	— हो जाने पर	शाम्भव वेद-	शैव शास्त्रों की
कारुण्यतो	— दया से	दीक्षा	— रहस्य उपदेश करने वाली
दैशिक-	— सद्गुरु की		
कटाक्ष-	— अनुग्रह की दृष्टि का	भवसि	— (तुम) बनती हो ।

१. जो इस शरीर के पश्चात् कोई दूसरा शरीर धारण नहीं करता है ।

मुक्ताविभूषणवती नवविद्रुमाभा
यच्चेतसि स्फुरसि तारकितेव सन्ध्या।
एकः स एव भुवनत्रयसुन्दरीणां
कन्दर्पतां व्रजति पञ्चशरीं विनापि॥१२॥

पदच्छेदः

मुक्ता विभूषणवती नवविद्रुमआभा-
यत् चेतसि स्फुरसि तारकिता इव सन्ध्या।
एकः स एव भुवनत्रय सुन्दरीणां
कन्दर्पतां व्रजति पञ्चशरीम् विना अपि॥१२॥

मुक्ता- — मोतियों के
विभूषणवती — भूषणों से सुशोभित,
नवविद्रुम- — नये रुद्राक्ष की
आभा — दीप्ति वाली (आप)
यत् — जिस (भक्त) के
चेतसि — मन में
तारकिता — तारों से भरी हुई
सन्ध्या — सन्ध्या
इव — जैसी।
स्फुरसि — विकास में आती हो (अपना साक्षात्कार कराती हो)
स एकः इव — वही एक (भक्त)
भुवनत्रय- — तीनों भुवनों का (शासन करने वाली)
सुन्दरीणां — उत्तम शक्तियों के
कन्दर्पतां — कामदेवभाव को[1]
पंचशरीं — पांच बाणों के (धारण किये)
विनापि — विना ही
व्रजति — प्राप्त होता है।

---

१. जिस प्रकार कामदेव के आवेश से युवतियां मोहित हो जाती हैं, उसी प्रकार उत्कृष्ट शक्तियां भी उत्तम भक्त के वश में हो जाती हैं।

ये भावयन्त्यमृतवाहिभिरंशुजालै-
राप्यायमानभुवनाममृतेश्वरीं त्वाम् ।
ते लङ्घयन्ति ननु मातरऽलङ्घनीयां
ब्रह्मादिभिः सुरवरैरपि कालकक्ष्याम् ।। १३ ।।

पदच्छेदः

ये भावयन्ति अमृत वाहिभिः अंशुजालैः
आप्यायमान भुवनाम् अमृत ईश्वरीम् त्वाम् ।
ते लङ्घयन्ति ननु मातः ! अलङ्घनीयाम्
ब्रह्मादिभिः सुरवरैः अपि कालकक्ष्याम् ।। १३ ।।

ये	— जो (भक्त)	ते	— वे (सभी)
त्वां	— तुझ	ब्रह्मादिभिः	— ब्रह्मा इत्यादि
अमृतवाहिभिः	अमृत बहाने वाले	सुरवरैः	— श्रेष्ठ देवताओं से
अंशुजालैः	— किरणों के समूह से	अपि	— भी
आप्यायमान भुवनाम	(तीनों) भुवनों का सींचन करने वाली	अलङ्घनीयां	— पार करने में अति कठिन
अमृतेश्वरीं	— अमृत की स्वामिनी की	काल-	— काल (भूत, बर्तमान भविष्य)
भावयन्ति	— भावना करते हैं, (एकाग्र चित से ध्यान करते हैं)	कक्ष्यां	— कलना को
		ननु	— निश्चय ही
		लङ्घयन्ति	— पार कर जाते हैं ।
मातः !	— हे मातः !		

यः स्फाटिकाक्षगुणपुस्तककुण्डिकाढ्यां
व्याख्यासमुद्यतकरां शरदिन्दुशुभ्राम ।

पद्मासनां च हृदये भवतीमुपास्ते
मातः स विश्वकविताकिकचक्रवर्ती ॥१४॥

पदच्छेदः

यः स्फाटिक अक्षगुण पुस्तक कुण्डिका आढ्यां
व्याख्या सम् उद्यत करां शरत् इन्दु शुभ्राम् ।
पद्म आसनां च हृदये भवतीम् उपास्ते
मातः ! स विश्व कवि तार्किक चक्रवर्ती ॥१४॥

मातः !	— हे माता !	शुभ्रां	— निर्मल तेज वाली
यः	— जो (भक्त)	च	— और
1 स्फाटिक-	— स्फटिकमणि की	पद्मासनां	— कमल के आसन पर
अक्षगुण	— अक्षमाला,	हृदये	— हृदय में
2 पुस्तक-	— पुस्तक,	भवतीं	— आपकी
3 कुण्डिका-	— कूडी (कमण्डल) से	उपास्ते	— उपासना करता है
आढ्यां	— शोभित (तथा)	स	— वह
4 व्याख्या-	— उपदेश करने के लिए	विश्व-	— सभी जगत के
		कवि-	— कवियों (और)
समुद्यत	— उठाये हुए	तार्किक-	— तर्क के जानने वालों में
करां	— हाथ वाली,		
शरद्-	— शरद ऋतु के	चक्रवर्ती	— सब से उत्तम बन जाता है ।
इन्दु-	— चन्द्रमा (जैसी)		

बर्हावतंस युतबर्बरकेशपाशां
गुञ्जावलीकृतघनस्तनहारशोभाम् ।

श्यामां प्रवालवदनां सुकुमारहस्तां
त्वामेव नौमि शवरीं शवरस्य जायाम् ॥१५॥

पदच्छेदः

बर्ह अवतंस युत बर्बर केश पाशाम्
गुञ्जा अवली कृत घन स्तन हार शोभाम् ।
श्यामां प्रवालवदनां सुकुमार हस्ताम्
त्वां एव नौमि शवरीं शवरस्य जायाम् ॥१५॥

बर्ह-	— मोर पंख के	शोभां	— शोभा वाली,
अवतंस-	— ताज से	श्यामां	— श्याम वर्ण,
युत-	— युक्त	प्रवाल-	— मूंगे जैसे (लाल)
बर्बर-	— बर्बर(कश्मीरी बबर) जैसे कोमल और चमकदार	वदनां	— मुख वाली,
		सुकुमार-	— कोमल[1]
		हस्तां	— हाथों वाली,(ऐसी)
केशपाशां	— बालों वाली,	त्वामेव	— तुझे ही
गुंजावली-	— गुंजाहारों से	शवरीं	— शवरी[2]
कृत-	— किये हुए	शवरस्य	— शंकर की
घनस्तन-	— घने स्तनों पर	जायां	— शक्ति को
हार-	— हारों की	नौमि	— मैं शरण होता हूं।

अर्धेन किं नवलतालुलितेन मुग्धे !
क्रीतं विभोः परुषमर्धमिदं त्वयेति ।

---

१. अथवा हाथों में कुमार अर्थात् कार्तिक स्वामि लिया है जिसने ।

२. शिकारिन के रूप में शिव की शक्ति ।

आलीजनस्य परिहासवचांसि मन्ये
मन्दस्मितेन तव देवि ! जडी भवन्ति ॥१६॥

पदच्छेदः

अर्धेन किं नवलता ललितेन मुग्धे !
क्रीतं विभोः परुषम् अर्धं इदं त्वया इति ।
आली जनस्य परिहास वचांसि मन्ये
मन्द स्मितेन तव देवि ! जडी भवन्ति ॥१६॥

मुग्धे !	— हे सुन्दरी ! पार्वती !	इति	— इस प्रकार के
किं त्वया	— क्यों तूने	आलीजनस्य	— सखियों के
नवलता-	— नई लता (जैसे कोमल और सुन्दर)	परिहास-	— हंसी के
		वचांसि	— वचन
ललितेन-	— (तथा) प्रेम से पाले हुए (सुन्दर)	देवि !	— हे देवी !
		तव	— आपकी
अर्धेन-	— अपने आधे शरीर के बदले	मन्द-	— कोमल (मन को हरने वाली)
विभोः	— शिव का	स्मितेन	— मुस्कराहट से
इदं	— यह	मन्ये	— (मैं मानता हूं)
परुषम्	— कठिन (खुरदुरा)	जडी	— जड
अर्धं	— आधा शरीर	भवन्ति	— बन जाते हैं[1] ।
क्रीतं	— मोल लिया ?		

ब्रह्माण्ड बुद्बुद कदम्बकसंकुलोऽयं
मायोदधिर्विविधदुःखतरङ्गमालः ।

---

१. अर्थात् देवी के अन्तर्मुख होने से ही सहेलियां (इन्द्रिय शक्तियां) जड (सत्ता हीन) हो जाती हैं ।

आश्चर्यमम्ब ! झटिति प्रलयं प्रयाति
त्वद्ध्यानसन्ततिमहावडवामुखाग्नौ ॥१७॥

पदच्छेदः

ब्रह्माण्ड बुद्बुद कदम्बक संकुलः अयम्
माया उदधिः विविध दुःख तरङ्ग मालः ।
आश्चर्यम् अम्ब ! झटिति प्रलयं प्रयाति
त्वत् ध्यान सन्तति महा वडवा मुख अग्नौ ॥१७॥

अम्ब !	— हे माता !	महा-	— बडे
अयं	— यह	वडवामुख- अग्नौ	— वाडव अग्नि में
ब्रह्माण्ड-	— अनेकों ब्रह्माण्डरूप		
बुद्बुद-	— बुलबलों के	झटिति	— क्षणमात्र में (ध्यान करते ही)
कदम्बक-	— अगणित समूहों से		
संकुलो	— भरा हुआ	प्रलयं	— लय भाव को
माया-	— माया रूपी	प्रयाति	— प्राप्त होता है (अर्थात् माया सागर का संहार हो जाता है)
उदधिः	— सागर		
विविध-	— नाना प्रकार के		
दुखतरंग- मालः	— दुख की तरंगों से भरा हुआ	आश्चर्यम्	— यह बडे आश्चर्य की बात है ।
त्वत्	— तुम्हारे		
ध्यान- सन्तति-	— निरन्तर ध्यान रूपी		

दाक्षायणीति कुटिलेति गुहारणीति
कात्यायनीति कमलेति कलावतीति ।

एका सती भगवती परमार्थतोऽपि
संदृश्यसे बहुविधा ननु नर्तकीव ॥१८॥

पदच्छेदः

दाक्षायणी इति कुटिला इति गुहारणी इति
कात्यायनी इति कमला इति कलावती इति ।
एका सती भगवती परमार्थतः अपि
संदृश्यसे बहुविधा ननु नर्तकी इव ॥१८॥

भगवती — ऐश्वर्य शालिनी भगवती
परमार्थत: — सच्चे स्वरूप से
एका — एक ही (अद्वितीय)
सती अपि — होती हुई भी
दाक्षायणी इति दक्ष प्रजापति की बेटी,
कुटिला इति — टेढा चलने वाली कुण्डलिनी रूप
गृहारणी इति हृदय रूपी गुफाओं में वास करने वाली, (चित् दीप्ति को प्रकाश करने से)
कात्यायनी — कात्यायन ऋषि की पुत्री,
कमला इति — लक्ष्मी रूप अथवा कमल रूप संकोच विकासमय (सृष्टि संहार करने वाली)
कलावती इति[1] कलाओं युक्त,
इति — ऐसे
ननु — निश्चय रूप से
नर्तकी इव — नाचने वाली स्त्री की तरह
बहुविधा — अनेकों प्रकार से
संदृश्यसे — दीखती हो (अनेकों रूप धारण करती हो।)

आनन्दलक्षणमनाहतनाम्नि देशे
नादात्मना परिणतं तव रूपमीशे।

---

१. चन्द्रमा की १६ कला, शिव से पृथिवी तक ३६ तत्त्व रूप कला, अकार से हकार तक वर्णमाला रूप ५० कला।

प्रत्यङ् मुखेन मनसा परिचीयमानं
शंसन्ति नेत्रसलिलैः पुलकैश्च धन्याः ॥१६॥

पदच्छेदः

आनन्दलक्षणम् अनाहतनाम्नि देशे
नाद आत्मना परिणतं तव रूपम् ईशे !
प्रत्यक् मुखेन मनसा परिचीयमानं
शंसन्ति नेत्र सलिलैः पुलकैः च धन्याः ॥१९॥

ईशे ! — हे ऐश्वर्यस्वरूपिणी!
धन्याः — श्लाध्य और उत्तम भक्त
तव — तुम्हारे
आनन्द- — आनन्द ही
लक्षण — लक्षण है जिसका (ऐसे तुम्हारे)
रूप — रूप को
अनाहत- — अनाहत (मध्यमा वाक्)
नाम्नि — नाम वाले
देशे — स्थान पर
नादात्मना — शब्दों के रूप से (अक्षरों का मूल रूप)
परिणतं — परिणाम में आया हुआ (तथा)
प्रत्यङ्मुखेन — सन्मुख रूप वाले
मनसा — मन से
परिचीयमान — बढाया हुआ,
नेत्रसलिलैः — आंसुओं की अश्रु धाराओं
च — तथा
पुलकैः — रोम हर्षों द्वारा
शंसन्ति — जतबाते हैं।

त्वं चन्द्रिका शशिनि तिग्मरुचौ रुचिस्त्वं
त्वं चेतनासि पुरुषे पवने बलं त्वम्।
त्वं स्वादुतासि सलिले शिखिनि त्वमूष्मा
निःसारमेव निखिलं त्वदृते यदि स्यात् ॥२०॥

पदच्छेदः

त्वं चन्द्रिका शशिनि तिग्मरुचौ रुचिः त्वं
त्वं चेतना असि पुरुषे पवने बलं त्वं
त्वं स्वादुता असि सलिले शिखिनि त्वं ऊष्मा
निःसारम् एव निखिलं त्वत् ऋते यदि स्यात् ॥२०॥

त्वम्	— तुम	त्वम्	— तुम
शशिनि	— चन्द्रमा में	सलिले	— जल में
चन्द्रिका	— चान्दनी (प्रकाश रूप हो),	स्वादुता	— रस (रूप)
		असि	— हो,
त्वम्	— तुम	त्वम्	— तुम
तिग्मरुचौ	— सूर्य में	शिखिनि	— अग्नि में
रुचिः	— दीप्ति (विमर्श रूप हो),	उष्मा	— गर्मी (हो),
		यदि	— यदि
त्वम्	— तुम	त्वदृते	— (यह सब तत्त्व) तुम्हारी सत्ता विना
पुरुषे	— पुरुष में		
चेतना	— बुद्धि	स्यात्	— हों,
असि	— हो,	निखिलं	— (जो) यह सारा विश्व
त्वम्	— तुम		
पवने	— वायु में	निःसारमेव	— सत्ता रहित ही है।
बलं	— बल (हो),		

ज्योतींषि यद्दिवि चरन्त्यरिचं
सूते पयांसि यदहिर्धरणीं च धत्ते।
यद्वाति वायुरनलो यदुदर्चिरास्ते
तत्सर्वमम्ब ! तव केवलमाज्ञयैव ॥२१॥

पदच्छेदः

ज्योतींषि यत् दिवि चरन्ति यत् अंतरिक्षं
सूते पयांसि यत् अहिः धरणीं च धत्ते ।
यत् वाति वायुः अनलः यत् उर्दचिः आस्ते
तत् सर्वम् अम्ब ! तव केवलम् आज्ञया एव ।।२१।।

यत्	— जो (यह)	वायुः	— वायु
ज्योतींषि	— तारागण	वाति	— चलता है,
दिवि	— आकाश में	यत् च	— और जो
चरन्ति	— फिरते हैं,	अनलः	— अग्नि
यत्	— जो	उर्दचिः	— ऊँची दीप्ति वाला
अन्तरिक्षं	— आकाश	आस्ते	— है
पयांसि	— जलों को	अम्ब !	— हे माता !
सूते	— उत्पन्न करता है,	तत्सर्वं	— वह सब
यत्	— जो	केवल	— केवल
अहिः	— शेषनाग	तव एव	— तुम्हारी ही
धरणीं	— पृथ्वी को	आज्ञया	— आज्ञा से (स्थिति प्राप्त किये हुए हैं ।)
धत्ते	— धारण करता है,		
यत्	— जो		

सङ्कोचमिच्छसि यदा गिरिजे ! तदानीं
वाक्तर्कयोस्त्वमसि भूमिरनामरूपा ।
यद्वा विकासमुपयासि यदा तदानीं
त्वन्नामरूपगणनाः सुकरीभवन्ति ।।२२।।

पदच्छेदः

सङ्कोचं इच्छसि यदा गिरिजे ! तदानीं
वाक्तर्कयोः त्वम् असि भूमिः अनामरूपा ।

यत् वा विकासम् उपयासि यदा तदानीम्
त्वत् नामरूपगणना: सुकरी भवन्ति ।।२२।।

गिरिजे !	— हे पार्वती !	असि	— हो,
यदा	— जब	यद्वा	— या
त्वं	— तुम	यदा	— जब
संकोचं	— स्वरूप का संकोच	विकासं	— स्वरूप के विकास को
इच्छसि	— (ग्रहन करना) चाहती हो	उपयासि	— प्राप्त करती हो
तदानीं	— तब	तदानीं	— उस अवस्था में
वाक्-तर्कयो:	— वाणी और तर्क (विचार) में	त्वत्-	— तुम्हारे
		नामरूप-	— नामों और रूपों की
अनामरूपा	— नामों और रूपों के रहित	गणना:	— गिनती
		सुकरी	— आसान
भूमि:	— अवस्था	भवन्ति[1]	— हो जाती है ।

भोगाय देवि भवतीं कृतिनः प्रणम्य
भ्रू किङ्करीकृतसरोजगृहासहस्राः।
चिन्तामणिप्रचयकल्पितकेलिशैले
कल्पद्रुमोपवन एव चिरं रमन्ते ।।२३।।

पदच्छेदः

भोगाय देवि ! भवतीं कृतिनः प्रणम्य
भ्रू किङ्करी कृतसरोजगृहा सहस्राः ।
चिन्तामणि प्रचय कल्पित केलिशैले
कल्पद्रुम उपवन एव चिरं रमन्ते ।।२३।।

---

१. सभी स्थूल या सूक्ष्म वेधों के नाम और रूप तुम्हारे ही नाम रूप हैं ।

देवि !	— हे देवी !	चिन्तामणि-	— चिन्तामणि रत्नों के
[1]भ्रू-	— भौओं की	प्रचय-	— समूहों से
किंकरीकृत-	दास बनी हुई	कल्पित-	— बनाये हुए
सरोजगृहासहस्राः	हज़ारों लक्ष्मियों वाले	केलि-	— क्रीडा रूपी
		शैले	— पर्वत पर
कृतिनः	— क्रियावान पुरुष	कल्पद्रुम-	— कल्प वृक्षों के
भोगाय	— भोग (सांसारिक तथा पारमार्थिक) प्राप्त करने के लिये	उपवने	— बागों में
		एव	— ही
		चिरं	— अनन्त काल (तक)
भवतीं	— आप को	रमन्ते	— ऐश्वर्य भोगते हैं। (क्रीडा करते हैं)
प्रणम्य	— प्रणाम करके		

हन्तुं त्वमेव भवसि त्वदधीनमीशे
संसारतापमखिलं दयया पशूनाम्।
वैकर्तनीकिरणसंहतिरेव शक्ता
घर्मं निजं शमयितुं निजयैव वृष्ट्या ॥२४॥

पदच्छेदः

हन्तुं त्वम् एव भवसि त्वत् अधीनं ईशे !
संसार तापम् अखिलं दयया पशूनाम् ।
वैकर्तनी किरण संहतिः एव शक्ता
घर्मं निजं शमयितुं निजया एव वृष्टचा ॥२४॥

---

१. अर्थात् एक ही नहीं अनन्त लक्ष्मियां (भोग लक्ष्मी, मोक्ष लक्ष्मी, भक्ति लक्ष्मी इत्यादि) और ऐश्वर्य उनके वश में हो जाते हैं, यह सब लक्ष्मियां उस पुरुष के आंखों के इशारे पर नाचती हैं।

ईशे !	— हे स्वतन्त्र इच्छा वाली स्वामिनी !	भवसि	— समर्थ हो (जैसे)
पशूनां	— जन्म मरण में फंसे हुए जीवों के	वैकर्तनी-	— सूर्य की (सावित्री नामक)
		किरण-	— किरणों का
अखिलं	— सारे	संहतिरेव	— समूह ही
संसारतापं	— जन्म मरण से उत्पन्न हुए दुख को	निजं	— स्वयं उत्पन्न की हुई
		धर्मं	— गर्मी को
त्वत्	— (जो) तुम्हारे ही	निजया एव	— अपनी ही (शक्ति से उत्पन्न की हुई)
अधीनं	— अधीन है,		
दयया	— अनुग्रह करके	वृष्टया	— वर्षा से
हन्तुं	— नाश करने के लिए	शमयितुं	— शांत करने के लिए
त्वमेव	— तुम ही	शक्ता	— समर्थ है।

शक्तिः शरीरमधिदैवतमन्तरात्मा
ज्ञानं क्रिया करणमासनजालमिच्छा।
ऐश्वर्यमायतनमावरणानि च त्वं
किं तन्न यद्भवसि देवि शशाङ्कमौलेः ॥२५॥

पदच्छेदः

शक्तिः शरीरं अधिदैवतं अन्तर् आत्मा
ज्ञान क्रिया करणं आसन जालं इच्छा।
ऐश्वर्यं आयतनम् आवरणानि च त्वं
किं तत् न यत् भवसि ? देवि ! शशाङ्कमौलेः ॥२५॥

शशाङ्क-	— चन्द्रमा है	देवि !	— क्रीडन शील शक्ति !
मौलेः	— माथे पर जिसके (ऐसे शिव की)	शक्तिः	— प्राणशक्ति,
		शरीरं	— स्थूल शरीर,

अधिदैवतम् — शरीर के अधिष्ठित देव (अर्थात् दस इन्द्रियां),
अन्तरात्मा — अन्तः करण,
ज्ञानं — ज्ञान शक्ति,
क्रिया — क्रिया शक्ति,
करणम् — क्रियाओं का करना,
आसन- — आसन
जालम् — समूह
इच्छा — इच्छा (स्वातंत्र्य) शक्ति
ऐश्वर्यम् — सर्वकर्त्ताभाव सर्व-ज्ञाताभाव,
आयतनम् — आश्रय
च — और
आवरणानि — स्वरूप के छिपाने वाले मल (यह सब कुछ)
त्वम् — तुम ही हो
तत् किं — वह कौन सी वस्तु (भाव) है
यत् — जो
न भवसि — (तुम) नहीं बनती हो।

भूमौ निवृत्तिरुदिता पयसि प्रतिष्ठा
विद्याऽनले मरुति शान्तिरतीतशान्तिः।
व्योम्नीति याः किलकलाः कलयन्ति विश्वं
तासां विदूरतरमम्ब ! पदं त्वदीयम्॥२६॥

पदच्छेदः

भूमौ निवृत्तिः उदिता पयसि प्रतिष्ठा
विद्या अनले मरुति शान्तिः अतीतशान्तिः
व्योम्नि इति याः किल कलाः कलयन्ति विश्वं
तासां विदूरतरम् अम्ब ! पदं त्वदीयम् ॥२६॥

भूमौ — पृथिवी तत्त्व में
निवृत्तिः — निवृत्ति कला,
पयसि — जल तत्त्व में
प्रतिष्ठा — प्रतिष्ठा कला
अनले — अग्नि तत्त्व में
विद्या — विद्या कला,
मरुति — वायु तत्त्व में
शांतिः — शांति कला,

व्योम्नि — आकाश तत्त्व में
अतीत शांतिः शान्त्यतीत कला
उदिता — उदय में आई हैं
इति — इस प्रकार
याः — जो
कलाः — कलायें
विश्वं — (३६ तत्त्वमय) जगत को
किल — निश्चय ही

कलयन्ति — प्रकट करती हैं[1]
अम्ब ! — हे माता !
त्वदीयं — तुम्हारा (चैतन्य स्वरूप)
पदं — स्थान
तासां — इन सब कलाओं से भी
विदूरतरम् — बहुत ही ऊँचा है।

यावत्पदं पदसरोजयुगं त्वदीयं
नाङ्गीकरोति हृदयेषु जगच्छरण्ये।
तावद्विकल्प जटिलाः कुटिलप्रकारा-
स्तर्कग्रहाः समयिनां प्रलयं न यान्ति ॥२७॥

पदच्छेदः

यावत् पदं पदसरोजयुगं त्वदीयं
न अङ्गीकरोति हृदयेषु जगत् शरण्ये !
तावत् विकल्प जटिलाः कुटिलप्रकाराः
तर्कग्रहाः समयिनां प्रलयं न यान्ति ॥२७॥

जगत्शरण्ये ! जगच्छरण्ये, हे जगत की रक्षा करने वाली देवी !
यावत् — जब तक

त्वदीयम् — तुम्हारे
पदसरोज-युगं — चरण कमलों का जोडा
हृदयेषु — हृदयों में

1. यह पांच कलायें ही जगत् की सृष्टि, स्थिति, संहार, पिधान तथा अनुग्रह करती हैं।

पदं	— स्थान	कुटिल-	— कुटिल
न अंगीकरोति	अंगीकार न करे[1]	प्रकाराः	— प्रकार वाले
तावत्	— तब तक	तर्क-	— वाद-विवाद रूपी
समयिनां	— भिन्न २ मतवादियों के	ग्रहाः	— हठ
		प्रलयं	— समाप्त
विकल्प-	— विकल्पों के कारण	न यांति	— नहीं होते हैं।
जटिलाः	— पेचदार बने हुए		

यद्देवयानपितृयानविहारमेके
कृत्वा मनः करणमण्डलसार्वभौमम्।
याने निवेश्य तव कारणपञ्चकस्य
पर्वाणि पार्वति नयन्ति निजासनत्वम् ॥२८॥

पदच्छेदः

यत् देवयान पितृयान विहारम् एके
कृत्वा मनः करण मण्डल सार्वभौमम् ।
याने निवेश्य तव कारणपञ्चकस्य
पर्वाणि पार्वति ! नयन्ति निज आसनत्वम् ॥२८॥

पार्वति !	— हे पार्वती !	कृत्वा	— बनाकर
यत्	— जो	देवयान-	— देवताओं के मार्ग (प्राण)
एके	— कुछ उत्कृष्ट योगी		
मनः	— मन को	पितृयान-	— (और) पितृमार्ग (अपान) में
करण-	— इन्द्रियों के		
मण्डल-	— समूह का	विहारम्	— फिरते हैं (अभ्यास करते हैं) (वह)
सार्वभौमम्	— चक्रवर्ती राजा		

१. अर्थात् जब तक मोह में फंसा हुआ जीव तुम्हारी शरण न ले ।

तव	— तुम्हारे	पर्वाणि	— शिखरों (पर)
याने	— (सुषुम्ना) मार्ग में	निज-	— अपना
निवेश्य	— प्रवेश करके	आसनत्वम्	— आसन
कारण पंचकस्य	— पांच कारणों[1] के	नयन्ति	— बनाते हैं ।[2]

स्थूलासु मूर्तिषु महीप्रमुखासु मूर्तेः
कस्याश्चनापि तव वैभवमम्ब यस्याः ।
पत्या गिरामपि न शक्यत एव वक्तुं
सासि स्तुता किल मयेति तितिक्षितव्यम् ॥२९॥

पदच्छेदः

स्थूलासु मूर्तिषु मही प्रमुखासु मूर्तेः
कस्याःचन अपि तव वैभवम् अम्ब ! यस्याः ।
पत्या गिराम् अपि न शक्यते एव वक्तुं
सा असि स्तुता किल मया इति तितिक्षितव्यम् ॥२९॥

मही-	— पृथिवी	यस्याः	— जिस
प्रमुखासु	— इत्यादि	तव	— तुम्हारे (अकथनीय स्वरूप का)
स्थूलासु	— स्थूल		
मूर्तिषु	— रूपों में से	वैभवम्	— प्रभाव (महिमा)
कस्याश्चन	— किसी एक	गिरां	— वाणियों का
मूर्तेः	— रूप का	पत्या	— स्वामी (ब्रह्मा जी)
अपि	— भी	अपि	— भी

१. जगत की सृष्टि इत्यादि करने के पांच कारण ब्रह्मा, बिष्णु, रुद्र, सदाशिव, ईश्वर ।

२. अर्थात् इन से भी ऊँची पदवी प्राप्त करते हैं ।

वक्तुं	— वर्णन करने के लिए	किल	— निश्चय ही
न शक्यते	— असमर्थ है	स्तुता	— { स्तुति की जा
सा	— वही (आप ऐसे उत्कृष्ट महिमा वाली)	असि	{ रही हो
		इति	— (मेरी) यह धृष्टता
		तितिक्षितव्यम्	कृपया आप सहन करले (अर्थात् मुझे क्षमा करें।)
अम्ब !	— हे माता !		
मया	— मुझ (जैसे तुच्छ) से		

कालाग्निकोटिरुचिमम्ब षडऽध्वशुद्धा-
वाप्लावनेषु भवतीममृतौघवृष्टिम् ।
श्यामां घनस्तनतटां सकलीकृतौ च
ध्यायन्त एव जगतां गुरवो भवन्ति ॥३०॥

पदच्छेदः

काल अग्निकोटिरुचिम् अम्ब ! षट् अध्वशुद्धौ
आप्लावनेषु भवतीम अमृतओघ वृष्टिम् ।
श्यामां घनस्तनतटां सकली कृतौ च
ध्यायन्तः एव जगतां गुरवः भवन्ति ॥३०॥

अम्ब !	— हे माता !	रुचिम्	— दीप्ति (तेज) वाली,
षडध्व-	— छः मार्गों को[1]	आप्लावनेषु	— इन भुवनों को सीं-चन (सृष्टि) करने में
शुद्धौ	— शुद्ध करने में[2]		
भवतीं	— आपको	अमृततौघ-	— अमृत से भरी हुई
कालाग्नि-	— { करोडों काला-	वृष्टि	— वर्षारूप,
कोटि-	{ ग्नि रुद्रों जैसी	च	— और

१. वर्ण, पद, मन्त्र, कला, तत्त्व, भुवन।
२. अभेद रूप बनाने में।

सकलीकृतौ	— इनको सम्पूर्ण बनाने (स्थिति करने) में	ध्यायन्त एव	— एकाग्रचित् से ध्यान करते हुए ही (क्षण-मात्र में)
श्यामां	— श्याम वर्णं	जगतां	— सभी जगतों के
घनस्तनतटां	— भारी स्तनों से (माता के रूप में दूध देती हुई आपको भक्त)	गुरवो	— गुरु[1]
		भवन्ति	— बन जाते हैं।

विद्यां परां कतिचिदम्बरमम्ब केचि-
दानन्दमेव कतिचित्कतिचिच्च मायाम्।
त्वां विश्वमाहुरपरे वयमामनाम
साक्षादपारकरुणां गुरुमूर्तिमेव ॥३१॥

पदच्छेदः

विद्यां परां कतिचित् अम्बरम् अम्ब ! केचित्
आनन्दम् एव कतिचित् कतिचित् च मायाम्।
त्वां विश्वम् आहुः अपरे वयम् आमनाम
साक्षात् अपार करुणां गुरुमूर्तिम् एव ॥३१॥

अम्ब !	— हे माता !		रूप,
त्वां	— तुझको	केचित्	— कुछ
कतिचित्	— कुछ भक्त	अम्बरम्[3]	— आकाश रूप (चिदाकाश),
परां विद्यां[2]	— परा (उत्कृष्ट) ज्ञान		

१. उत्तम माननीय सृष्टि आदि करने में समर्थ।
२. उपनिषद् (साविद्याया विमुक्तये)
३. बौद्ध दर्शन, (त्रिक्षणवृत्तिज्ञानस्य हेतुः)

कतिचित् — कुछ
आनन्दमेव[1] — (केवल) आनन्दरूप ही
च — और
कतिचित् — कुछ
मायाम्[2] — (भेद उत्पन्न करने वाली माया रूप,
अपरे — इन से भिन्न कुछ लोग
त्वां — तुझको
विश्वं[3] — जगत रूप ही
आहुः — कहते हैं
वयम्[4] — (परन्तु) हम (इन से भिन्न भक्त) (आपको)
साक्षात् — प्रत्यक्ष
अपार — पाररहित
करुणां — अनुग्रहरूप
गुरुमर्त्तिमेव — सद्गुरु का स्वरूप ही
आमनाम — कहते हैं ।

कुवलयदलनीलं बर्बरस्निग्धकेशं
पृथुतरकुचभाराक्रान्तकान्तावलग्नम् ।
किमिह बहुभिरुक्तैस्त्वत्स्वरूपं परं नः
सकलभुवनमातः सन्ततं सन्निधत्ताम् ॥३२॥

पदच्छेदः

कुवलयदलनीलं बर्बर स्निग्धकेशं
पृथुतरकुचभार आक्रान्त अवलग्नम् ।
किम् इह बहुभिः उक्तैः त्वत् स्वरूपं परं नः
सकल भुवन मातः ! सन्ततं सन्निधत्ताम् ॥ ३२॥

---

१ वेदान्त दर्शन, (आनन्दात् इमानि भूतानि जायन्तेः)
२. शंकराचार्य वेदान्त (जगत माया)
३. चार्वाक (स्थूलाद् भिन्नं नहि किंचिदस्ति)
४. शाक्त मत

सक़ल-	— हे सभी	स्निग्धकेश	— चिकने चमकीले बालों वाला,
भुवन-	— भुवनों की	पृथुतर-	— मोटे
मातः !	— माता !	कुचभार-	— स्तनों के भार से
इह	— यहां	आक्रान्त-	— घेरे हुए
बहुभिः	— अधिक	कान्त-	— सुन्दर
उक्तैः	— कहने से	अवलग्नम्	— कमर वाला
किं	— क्या (लाभ है ?) केवल इतनी प्रार्थना है कि	त्वत्- परं स्वरूपं	तुम्हारा — उत्कृष्ट स्वरूप
कुवलयदल-	—नीली कुईं के पुष्पों जैसा	नः	— हमें
नीलं	— श्याम वर्ण,	सन्ततं	— नित्य
बर्बर-[1]	— बर्बर (जैसे)	सन्निधत्ताम्	— प्रकट रहे ।

इति श्री पञ्चस्तव्यां चतुर्थोऽम्बस्तवः ॥

१. एक चिकनी चमकेली लता जिसे कश्मीरी में बबर कहते हैं ।

ॐ

अथ सकलजननीस्तवः पञ्चमः।

॥ॐ॥

अजानन्तो यान्ति क्षयमवशमन्योन्यकलहै-
रमी मायाग्रन्थौ तव परिलुठन्तः समयिनः।
जगन्मातर्जन्मज्वरभयतमःकौमुदि ! वयं
नमस्ते कुर्वाणाः शरणमुपयामो भगवतीम् ॥१॥

पदच्छेदः

अजानन्तः यान्ति क्षयम् अवशम् अन्योन्य कलहैः
अमी माया ग्रन्थौ तव परिलुठन्तः समयिनः ।
जगत् मातः ! जन्मज्वरभयतमःकौमुदि ! वयं
नमः ते कुर्वाणाः शरणम् उपयामः भगवतीम् ॥१॥

[1]जगन्म तः ! — हे जगतों को उत्पन्न करने वाली मां !
जन्म- विभिन्न योनियों के जन्म
ज्वर- रोग इत्यादि
भय- मानसिक एवं — शारीरिक भय
तमः- अन्धकार (जैसे) के लिए
कौमदि चान्दनी अर्थात् इन्हें दूर करने में समर्थ शील
अमी समयिनः यह सभी भिन्न २ मतवादी
